जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

हिण्डौन सिटी

Rashtradoot

फोनः- 230200, 230400 फैक्सः- 07469-230600 वर्षः 17 संख्याः 203 प्रभात हिण्डौन सिटी, बुधवार 28 मई, 2025 पो. रजि.SWM-RJ-6069/2017-18 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## हरीश चौधरी ने गहलोत की भारी किरकरी की बाड़मेर की जयहिंद रैली में

### हरीश चौधरी ने सार्वजनिक रूप से गहलोत के मेवाराम जैन व अमीन खां को पार्टी में वापस लेने के प्रयास पर तेज आवाज़ में भारी विरोध जताया

-रेणू मित्तल-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। कांग्रेस पार्टी के भीतर अशोक गहलोत द्वारा दो निलंबित नेताओं को पार्टी में वापस लाने की कोशिश करने से भीषण अंदरूनी कलह छिड़ गई है। ये दोनों नेता पूर्व मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं।

हरीश चौधरी ने गहलोत की इस कोशिश का सार्वजनिक रूप से भारी विरोध किया है और दोनों नेताओं के बीच सार्वजनिक रुप से तीखी बहस भी हुई है।

रणदीप सिंह सुरजेवाला जैसे नेता, जो पहले गहलोत की हर बात से सहमत होते थे, उन्होंने भी अब इस मामले से खुद को अलग कर लिया है और स्पष्ट रूप से कहा कि उन्होंने इन निलंबित नेताओं को न तो बुलाया है और न ही वे उनसे मिलेंगे।

जय हिंद रैली, जो कल बाड़मेर में हुई, उसमें हरीश चौधरी ने मंच से इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने कुछ लोगों को अनुशासनहीनता के लिए पार्टी से निकाला था, लेकिन कुछ लोग उन्हें समर्थन दे रहे हैं। उनका संकेत स्पष्ट रूप से अशोक गहलोत की ओर था, जिन्होंने मंच से खान की सराहना की थी।

- हरीश चौधरी ने गहलोत से कहा कि अगर ये दोनों राजनीतिज्ञ आपको बहुत प्रिय हैं, तो आप इन दोनों को अपने घर ले जाएं और अपने साथ रखें। मैं, पश्चिम राजस्थान को झालावाड़ और पाली नहीं बनने दूंगा। आपकी ओछी राजनीति के कारण पश्चिमी राजस्थान में कांग्रेस की यह स्थिति हुई है। आप इन दोनों के साथ बैठना चाहें तो बैठें, पर, मैं नहीं बैठूंगा।
- जैसा कि विदित ही है, मेवाराम जैन, उनकी सीडी सार्वजनिक होने के बाद और अमीन खां गहलोत के इशारे से कांग्रेस उम्मीदवार के खिलाफ चुनाव लड़े थे तथा कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव हारे थे।
- प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा ने दोनों को पार्टी से निष्कासित कर दिया था।
- गहलोत, जयहिंद रैली के मार्फत, मेवाराम व अमीन खां को मंच पर बैठाकर पार्टी में शामिल करवाने का प्रयास कर रहे थे।
- पर, हरीश चौधरी ने सार्वजनिक रूप से गहलोत की साजिश का विरोध कर, गहलोत का प्रयास विफल किया।
- रणदीप सिंह सुरजेवाला, हेमाराम चौधरी व डोटासरा ने भी गहलोत के इस प्रयास की निंदा की।
- सुरजेवाला ने दोनों के साथ मुलाकात करने से इन्कार कर दिया, यह कहकर कि मैंने इन दोनों को तो यहाँ बुलाया ही नहीं है।
- जब मेवाराम व अमीन खां को इतना रूखा व्यवहार मिला तो क्रोधित होकर अमीन खां ने कहा, "....... यह कांग्रेस पार्टी का अंत है।"

एयरपोर्ट पर मामला और बिगड़ गया। हरीश चौधरी ने गहलोत का सामना करते हुए कहा – "अगर आपको इन दोनों नेताओं से इतना ही प्रेम है, तो इन्हें अपने घर ले जाकर रखें।"

इस पर गुस्साए गहलोत बोले – "तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई मुझसे ऐसे बात करने की।"

हरीश चौधरी ने जवाब दिया – "पश्चिम में 12 में से 1 सांसद जीत गया तो आपको तकलीफ हो गई... झालावाड़ और पाली नहीं बनने दूंगा बाड़मेर को," जहां गहलोत की राजनीति और जोड़तोड़ की वजह से कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई थी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## राजस्थान में एक दिन में करोना के नौ मामले सामने आये

जयपुर, 27 मई। कोरोना वायरस संक्रमण एक बार फिर रफ्तार पकड़ता नजर आ रहा है। मंगलवार को राज्य में 9 नए कोविड-19 संक्रमित मरीजों की पुष्टि हुई है। नए मामलों में से 2 एम्स जोधपुर, 2 एसएमएस मेडिकल कॉलेज जयपुर, 4 बी-लाल लैब जयपुर और 1 आणविक डायग्नोस्टिक सेंटर जयपुर से सामने आए हैं।

इन मरीजों में 35 वर्षीय महिला और 16 दिन का नवजात शिशु जोधपुर से संक्रमित पाए गए हैं। वहीं, जयपुर में 64 वर्षीय महिला, 34 वर्षीय महिला, 64 वर्षीय पुरुष, 53 वर्षीय पुरुष, 22 वर्षीय महिला, 41 वर्षीय पुरुष और 33 वर्षीय पुरुष की रिपोर्ट पॉजिटिव आई है।

- अब तक जयपुर में 13, जोधपुर में 6, उदयपुर में 4, डीडवाना में 3, अजमेर में 2, बीकानेर, फलौदी, सवाई माधोपुर में एक-एक मामला सामने आया है।

स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, वर्ष 2025 में अब तक कुल 32 कोविड मरीज सामने आ चुके हैं, जिनमें से एक की मौत भी हो चुकी है। जिलेवार संक्रमण का आंकड़ा इस प्रकार है:

जयपुर 13, जोधपुर 6, उदयपुर 4, डीडवाना 3, अजमेर 2, बीकानेर 1, फलोदी 1, सवाई माधोपुर 1 सहित, एक अन्य मामला शामिल है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने अपील की है कि संक्रमण भले ही सीमित संख्या में हो, लेकिन सतर्कता बेहद जरूरी है। मास्क, हाथ धोने की आदत और भीड़-भाड़ से बचाव अब भी प्रासंगिक हैं।

## गंभीर राजनीतिक परिवर्तन की आशंका से भारी चिंता में है, तृणमूल सरकार बंगाल में

### चर्चा है, प.बंगाल के राज्यपाल आनन्द बोस को हटाया जा रहा है तथा उनकी जगह आयेंगी सुप्रीम कोर्ट से हाल ही में रिटायर हुई न्यायाधीश बेला मधुर त्रिवेदी

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। बंगाल में बदलाव की हवा महसूस की जा रही है। बंगाल के वर्तमान राज्यपाल, सी.वी. आनंद बोस, जल्द ही पद छोड़ने वाले हैं।

लेकिन बात केवल उनके जाने की नहीं है। उनके स्थान पर जो नाम उभर रहा है, वह राज्य के कई राजनेताओं में सिहरन पैदा कर रहा है। राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और वर्तमान राज्यपाल के बीच शुरुआती दौर में कई मुद्दों पर विवाद हुआ।

लेकिन ममता बनर्जी जैसी निपुण राजनेता ने आनंद बोस के साथ टकराव में इतनी चतुराई से काम लिया कि कुछ समय बाद राज्यपाल उनके हाथों की कठपुतली की तरह हो गए। यह स्थिति मुख्यमंत्री के लिए बहुत आरामदायक और आसान साबित हुई।

लेकिन अब खबरें हैं कि बी.एम. त्रिवेदी, जो सुप्रीम कोर्ट की हाल ही में सेवानिवृत्त हुई दबंग जज हैं, को अगला राज्यपाल बनाए जाने की संभावना है। मुख्यमंत्री के लिए एक और महिला को संभालना, वह भी बेला मधुर त्रिवेदी को, इतना आसान नहीं होगा।

त्रिवेदी "इंडिया" गठबंधन के लिए एक बड़ा खतरा रही हैं और उन्होंने सुप्रीम कोर्ट बार के कई बड़े नामों को नाकों चने चबवा दिये तथा उनकी कड़ी आलोचना करते हुये, उन्हें नीचा दिखाया। उनके द्वारा की गई आलोचना इतनी गहरी, तीखी एवं कठोर रही कि सुप्रीम कोर्ट के कई वरिष्ठ वकीलों ने उनकी विदाई समारोह में शामिल होने से इनकार कर दिया।

- बी.एम. त्रिवेदी, असाधारण न्यायाधीश थीं, सुप्रीम कोर्ट में, जो बड़े-बड़े दिग्गज वकीलों के खिलाफ भी टिप्पणी व कार्यवाही करने में नहीं हिचकिचायी थीं, अगर उन्होंने महसूस किया कि वे दिग्गज वकील सुप्रीम कोर्ट की गरिमा के अनुरूप व्यवहार नहीं कर रहे।
- बंगाल के वर्तमान गवर्नर आनन्द बोस पहले तो ममता बनर्जी से सख्ती से पेश आ रहे थे, पर, धीरे-धीरे ममता जी ने उन्हें होशियारी से इतना "प्रभावित" कर लिया कि वे ममता जी की हाँ में हाँ मिलाने लगे थे।
- अतः अगर बी.एम. त्रिवेदी, आनन्द बोस की जगह लेती हैं तो ममता जी का असामान्य होना स्वाभाविक ही है। विशेषकर, जबकि बंगाल के विधानसभा चुनाव ज्यादा दूर नहीं हैं तथा बंगाल सरकार के कई मंत्री, जैसे पार्थो चटर्जी, कई सालों से भ्रष्टाचार के मामलों के कारण जेल में हैं तथा एक जूनियर महिला डॉक्टर की अस्पताल में मृत्यु का मामला अभी पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है और सुप्रीम कोर्ट के आदेश से स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी गई है और नियुक्ति रद्द होने से उत्तेजित टीचर्स सड़कों पर आ गये हैं तथा उनके रैली-प्रदर्शन जारी हैं।

वरिष्ठ वकीलों का यह एक अभूतपूर्व कदम था, क्योंकि पहले कभी भी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ वकीलों ने किसी वरिष्ठ न्यायाधीश के विदाई समारोह का बहिष्कार नहीं किया था। न्यायमूर्ति त्रिवेदी कभी भी सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठतम वकीलों के खिलाफ कदम उठाने में हिचकिचाईं नहीं, यदि उन्हें लगा कि वे उच्चतम न्यायालय की गरिमा के खिलाफ व्यवहार कर रहे हैं।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कांग्रेस ने गौरव गोगोई को आसाम कांग्रेस का मुखिया बनाया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। कांग्रेस पार्टी ने जोरहाट से सांसद और लोकसभा में पार्टी के उप नेता गौरव गोगोई को असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ए.पी.सी.सी.) का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। गौरव गोगोई के पिता तरुण गोगोई सबसे लंबे समय तक असम के मुख्यमंत्री रहे थे।

उन्होंने भूपेन कुमार बोराह का स्थान लिया है, जो लगभग चार वर्षों तक असम कांग्रेस के अध्यक्ष रहे।

कांग्रेस के महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने यह घोषणा करते हुए असम कांग्रेस के तीन नए कार्यकारी अध्यक्षों के नाम भी बताए, जाकिर हुसैन सिकदर, रोज़लीना तिर्की, और प्रताप सरकार।

- 2026 के चुनाव से पूर्व कांग्रेस, आसाम के मु.मंत्री हेमन्त बिस्वा शर्मा के समक्ष चुनौती देना चाहती है कि गोगोई के खिलाफ उनका प्रचार कितना मिथ्या है।
- मु.मंत्री शर्मा काफी समय से गोगोई पर आरोप लगा रहे हैं कि गोगोई के पाकिस्तान की इन्टैलिजैंस एजेन्सी आईएसआई से संबंध हैं तथा उनका प्रचार पहलगाम के आतंकवादी हमले के बाद और तीव्र व तीखा हो गया है।
- गोगोई का हाथ बंटाने के लिए कांग्रेस ने आसाम में तीन कार्यकारी अध्यक्ष, जाकिर हुसैन, सिकंदर, रोजलीना तिर्की व प्रदीप सरकार भी नियुक्त किये हैं।

माना जा रहा है कि कांग्रेस नेतृत्व ने 2026 में होने वाले राज्य विधानसभा चुनावों से पूर्व गौरव गोगोई को असम कांग्रेस की कमान सौंपकर, मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा के लिए एक स्पष्ट संदेश दिया है।

मुख्यमंत्री सरमा ने फरवरी से गोगोई पर निशाना साधना शुरू किया था, और उन पर पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से संबंध रखने का आरोप लगाया। ये हमले पहलगाम आतंकी हमले और उसके बाद शुरू हुए ऑपरेशन सिंदूर के बाद और भी तेज हो गए।

## जस्टिस संजीव शर्मा के राजस्थान ट्रांसफर की सिफारिश

जयपुर, 27 मई। सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने पंजाब व हरियाणा हाईकोर्ट से जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा को उनके मूल राजस्थान हाईकोर्ट में तबादला करने की सिफारिश की है। वहीं, राजस्थान हाईकोर्ट से जस्टिस श्रीचन्द्रशेखर को बॉम्बे हाईकोर्ट व जस्टिस अरुण कुमार मोंगा को दिल्ली हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की सिफारिश की गई है।

- जस्टिस संजीव शर्मा 2016 में राजस्थान में जज बने थे, फिर 2022 में उनका पटना हाई कोर्ट में ट्रांसफर हो गया था।

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने देशभर के 21 हाईकोर्ट जजों को विभिन्न हाईकोर्ट में ट्रांसफर करने की सिफारिश की है। दरअसल राजस्थान हाईकोर्ट में

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'तेज प्रताप के निष्कासन का ड्रामा लालू यादव ने आने वाले चुनाव की दृष्टि से रचा है'

### लालू यादव की पुत्रवधु, तेज प्रताप की पत्नी ने प्रैस कॉन्फ्रैंस आयोजित कर यह आरोप लगाया, लालू यादव के परिवार पर

-श्रीनंद झा-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इस महीने के अंत में बिहार दौरे पर जा रहे हैं, जो इस साल में उनकी तीसरी यात्रा होगी। इस समय राज्य में चुनावी सरगर्मियां चरम पर हैं। यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के भीतर तेज राजनीतिक उथल-पुथल मची है। पार्टी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने अपने बड़े बेटे तेज प्रताप यादव को छह साल के लिए पार्टी से ही नहीं, बल्कि परिवार से भी निष्कासित कर दिया है।

ऐसे समय में जबकि, वर्तमान मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) के अध्यक्ष नीतीश कुमार की राजनीतिक पकड़ कमजोर पड़ती दिख रही है, तथा राज्य भाजपा भी नेतृत्व संकट से जूझ रही है राजद के नेतृत्व वाला महागठबंधन इस साल के विधानसभा चुनावों में सत्ता में वापसी की उम्मीद लगाए हुए है।

- तेज प्रताप द्वारा वायरल किये गये वीडियो में तेज प्रताप ने यह स्पष्ट कहा था कि वे गत बारह साल से एक अनुष्का यादव के साथ "लिव इन" रिश्ते में हैं।
- लालू यादव का शायद मानना है कि बिहार चुनाव के पूर्व जब उनके परिवार पर भ्रष्टाचार के मामलों में जाँच चल रही है तो तेज प्रताप द्वारा यह वीडियो जारी करने से लालू यादव परिवार के लिये कई और दिक्कत खड़ी हो सकती हैं।

लालू यादव चिंतित हैं कि उनके बड़े पुत्र तेज प्रताप की हरकतें राजद नेतृत्व वाले महागठबंधन की संभावनाएं खराब कर सकती हैं इसलिए लालू प्रसाद ने अप्रत्याशित रूप से तेज प्रताप को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाया। यह निर्णय एक "डैमेज कंट्रोल" के रूप में देखा जा रहा है। माना जा रहा है कि तेज प्रताप के एक सोशल मीडिया पोस्ट ने लालू को नाराज़ कर दिया, जिसमें उन्होंने किसी अनुष्का यादव के साथ अपनी तस्वीरें शेयर की थीं और दावा किया था कि वे 12 साल से रिश्ते में हैं। यह पोस्ट अब हटा ली गई है। गौरतलब है कि तेज प्रताप की शादी पूर्व मुख्यमंत्री दरोगा प्रसाद राय की नातिन ऐश्वर्या से हुई थी, लेकिन वह शादी छह महीने भी नहीं चल सकी।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'आतंकवाद के खिलाफ सिंगापुर भारत के साथ'

सिंगापुर, 27 मई सिंगापुर ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के प्रति पुरजोर समर्थन व्यक्त किया है।

जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष एवं सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने आज यहां सिंगापुर की विदेश एवं गृह राज्य मंत्री सिम एन से मुलाकात की।

- सिंगापुर गए सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के साथ मुलाकात में सिंगापुर की विदेश एवं गृह राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि सिंगापुर आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है।

सिंगापुर सरकार में वरिष्ठ राज्य मंत्री सिम एन ने कहा कि सिंगापुर आतंकवाद के सभी कृत्यों की कड़ी निंदा करता है और आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि सिंगापुर और भारत करीबी भागीदार हैं और द्विपक्षीय सहयोग को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विदेशी निवेशकों ने अपने 96 प्रतिशत इन्वेस्टमैंट वापस ले लिए हैं भारत से

### प्रतिष्ठित इकॉनमिस्ट अरूण कुमार के अनुसार, स्थिति और बदतर होती जायेगी, समय के साथ-साथ

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। भारतीय अर्थव्यवस्था एक बार फिर आलोचनाओं के घेरे में आ गई है क्योंकि फॉरेन डायरैक्ट इन्वैस्टमैंट (एफडीआई) में भारी गिरावट देखी जा रही है, जिससे निवेशकों के विश्वास और वित्तीय बाजारों की स्थिरता को लेकर गंभीर चिंताएँ पैदा हो गई हैं।

हालिया आंकड़ों के अनुसार, विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजारों से लगभग 96 प्रतिशत निवेश निकाल लिया है, जिससे नीतिगत हलकों और आम जनता के बीच आर्थिक चिंता की लहर दौड़ गई है।

प्रसिद्ध अर्थशास्त्री प्रोफेसर अरुण कुमार ने इस चिंताजनक प्रवृत्ति के लिए भारत के व्याप्त वित्तीय असुरक्षा और आर्थिक माहौल में बढ़ती अनिश्चितता को जिम्मेदार ठहराया है।

उन्होंने कहा, एफडीआई की इतनी बड़ी मात्रा में निकासी नीतिगत ढांचे और बाज़ार में विश्वास से संबंधित गहरी समस्याओं को दर्शाती है।" उन्होंने चेतावनी दी कि मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों, विशेषकर अमेरिका में ट्रंप प्रशासन के तहत संरक्षणवादी नीतियों की वापसी के बाद से स्थिति और बिगड़ सकती है।

कांग्रेस पार्टी ने इस अवसर को लपक लिया और स्थिति को नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की "गंभीर विफलता" बताते हुए आर्थिक मोर्चे पर हमला तेज कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बढ़ती बेरोज़गारी को लेकर गहरी चिंता जताई है और दावा किया है कि इसका देश भर में युवाओं, किसानों और महिलाओं पर विनाशकारी असर पड़ रहा है।

- मौके का फायदा उठाते हुए, कांग्रेस पार्टी ने आगामी चुनाव में इसे ही मुख्य मुद्दा बनाने का फैसला किया है।
- पार्टी के नज़दीकी लोगों का कहना है कि बेरोज़गारी, महँगाई के आकड़ें, जो सच्चाई बता रहे हैं, उसकी वजह से जनता का बिगड़ता मूड ठीक करने के लिए सरकार इन मूल मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए, नये-नये मुद्दों पर फोकस करना चाहती है।

रणनीतिक दृष्टिकोण से कांग्रेस पार्टी ने आगामी राज्य चुनावों, विशेषकर बिहार, में आर्थिक संकट को अपने अभियान को केन्द्रीय मुद्दा बनाने के लिए एक विस्तृत योजना तैयार की है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, आर्थिक संकट के साथ-साथ जातीय जनगणना जैसे मुद्दों को लेकर कांग्रेस, इंडिया गठबंधन के सहयोगियों के साथ मिलकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को आर्थिक कुप्रबंधन के लिए घेरने की रणनीति अपना रही है।

कांग्रेस के एक वरिष्ठ रणनीतिकार ने कहा, "अर्थव्यवस्था की रक्षा करने में मोदी सरकार की विफलता आगामी चुनावों में प्रमुख मुद्दा होगी। यह भी जोड़ा कि बेरोज़गारी और महंगाई को लेकर जनता का गुस्सा चरम पर है। पार्टी कई रैलियों और अभियानों का आयोजन करेगी ताकि इन मुद्दों को जनचर्चा का केन्द्र बनाया जा सके।

राजनीतिक विश्लेषकों का भी मानना है कि मोदी सरकार आर्थिक संकेतकों की बिगड़ती स्थिति से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। एक प्रमुख राजनीतिक टिप्पणीकार ने कहा, "स्थिति की गंभीरता से इनकार नहीं किया जा सकता, लेकिन मुख्य मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए सुनियोजित प्रयास किए जा रहे हैं।"

इस स्थिति का असर छोटे और मझोले उद्यमों पर भी पड़ा है, जिन्हें भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ माना जाता है।

मांग और आपूर्ति श्रृंखलाओं में व्यवधान और नीतिगत असंगतियों के कारण इन उद्यमों की आय घट रही है और निर्यात क्षेत्र सुस्त पड़ा है।

कभी भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत माने जाने वाले निर्यात क्षेत्र में पिछले कुछ वर्षों में काफी गिरावट आई है। उद्योग जगत के दिग्गजों ने मौजूदा शासन के तहत जटिल नियमों, बदलते व्यापार मानकों और वित्तीय प्रोत्साहनों की कमी को प्रमुख अड़चनें बताया है।

जैसे-जैसे आम चुनाव नज़दीक आ रही हैं, संभावना है कि मुद्दे राजनीतिक विचार-विमर्श में प्रमुख भूमिका निभाने लगेंगे।

एफडीआई का सूखना, बढ़ती बेरोज़गारी और छोटे व मझोले उद्योगों पर बढ़ता दबाव विपक्षी दलों के लिए मोदी सरकार को घेरने का एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है।

## प्रथम प्र.मंत्री पं. नेहरु को श्रद्धांजलि अर्पित

नयी दिल्ली 27 मई। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू को उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित उन्हें नमन किया और कहा कि उनके महान योगदान के बिना 21वीं सदी के भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है।

- कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने आधुनिक भारत के निर्माण में पं. नेहरु के योगदान को याद किया।

खड़गे ने कहा नागरिकता, देश की सेवा में होती है-पंडित जवाहरलाल नेहरू भारत को शून्य से शिखर तक पहुँचाने वाले, आधुनिक भारत के निर्माता, लोकतंत्र के निर्भीक प्रहरी, भारत को वैज्ञानिक, आर्थिक, औद्योगिक एवं विभिन्न क्षेत्रों में विकासशील बनाने,

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## सार-समाचार

### नगरपालिका ने शुरू करवाई सफाई



**रूपवास, (निसं)।** नगरपालिका परिक्षेत्र के सभी 25 वार्डों में आगामी बरसात के मौसम को देखते हुए नगरपालिका द्वारा नालियों,गलियों एवं नालों का सफाई अभियान शुरू करवा दिया गया है। नगरपालिका अधिशाषी अधिकारी योगेश कुमार पिप्पल ने बताया कि कुछ दिनों बाद बरसात का मौसम शुरू होने वाला है। ऐसी स्थिति में नगरपालिका के द्वारा सभी 25 वार्डों में सफाई का कार्य शुरू करवाया गया है। सफाई के दौरान नालियों एवं गलियों की सफाई करवाई जा रही है। जिससे आगामी बरसात के दिनों में बरसात का पानी गलियों एवं सड़कों पर एकत्रित न हो। इस सफाई अभियान के दौरान जेसीबी मशीन एवं नगरपालिका के सफाई कर्मचारी रूपवास को स्वच्छ बनाने में अपनी भूमिका निभा रहे है।

### विधायक ने पर्यटन मंत्री को लिखा पत्र

**सपोटरा/करौली, (निसं)।** नारौली डांग लंकेश्वरी देवी मंदिर व ऐतिहासिक धरोहर प्राचीन किले के सौंदर्यकरण के लिए विधायक ने पर्यटन मंत्री को पत्र भेजा है। उपखण्ड के व्यापारिक प्रधान कस्बा नारौली डॉग की सर्वमान्य विख्यात लंकेश्वरी देवी तथा ऐतिहासिक धरोहर किला का सौन्दर्यकरण कराने के लिए क्षेत्रीय विधायक हंसराज बालोती ने उपमुख्यमंत्री एवं पर्यटन मंत्री दीया कुमारी को पत्र भेजा है। व्यापारिक प्रधान कस्बा नारौली डॉग अरावली पहाडी श्रृंखला के नीचे 3 किमी क्षेत्र लम्बाई में बसा हुआ है। खसरा नं0 एक रकवा 300 हैक्टयर्स वन क्षेत्र की पहाड़ियों में 400-500 फिट की ऊंचाई पर स्थित सर्वमान्य विख्यात लंके'ावरी देवी का रमणीय मंदिर है। जहाँ हर शनिवार को मेला लगता है तथा प्रतिवर्ष की चैत्र मास की अष्टमी को विशाल मेला लगता है।जहाँ हजारों दर्शनार्थी मनोकामना लेकर आते हैं।वन क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र में पैंथर, जंगली सुअर,हिरण,बंदर,सियार,नीलगाय,लकड़बग्घा,रोजडा, खरगोश एवं अन्य वन्य जीव पाये जाते हैं।दूसरी ओर रियासतकालीन ऐतिहासिक धरोहर 200200 गज क्षेत्र में किला बना हुआ है। जहाँ वन्य प्रेमी आए दिन पिकनिक मनाने व धरोहर को देखने के लिए आते है। इसके साथ वन भ्रमण के लिए भी पर्यटकों की आवाजाही बनी रहती है। उक्त ऐतिहासिक धरोहर किला व प्रसिद्ध धार्मिक स्थल लकेश्वरी देवी मुम्बई दिल्ली बड़ी रेल मार्ग से मात्र एक किमी दूरी तथा सवाई माधोपुर,गंगापुर से करौली,कुड़गाँव व कैलादेवी सड़क मार्ग को जोड़ने के मुख्य मार्ग पर स्थित होने के कारण पर्यटन की विपुल संभावना है।

### कार्यशाला का आयोजन

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** गूगल मीट के ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रगतिशील प्रजापति संस्थान के सौजन्य से ऑनलाइन कैरियर गाइडेंस कार्यशाला का आयोजन किया गया।जिसमें विभिन्न विषयों के विशेषज्ञों के माध्यम से प्रतिभाशाली बच्चों एवं अभिभावकों को मार्गदर्शन किया गया।। प्रमुख प्रमुख वक्ताओं में सुरेंद्र लांबा राजस्थान हाई कोर्ट जयपुर, बद्री प्रसाद प्रजापत केवीएस ग्वालियर, हरीभजन जी प्रजापत धौलपुर, प्रकाश चंद कुमावत अध्यापक, कैलाश सोम अध्यापक, डॉ ओमप्रकाश, नरेश प्रजापति सवाई माधोपुर व्याख्याता, रूपनारायण प्रजापति एम्स ऋषिकेश, अमरचंद प्रजापति चुरु झुन्झनू ,चरण सिंह प्रजापति अध्यापक हिंडौन सिटी, आदि वक्ताओं ने बच्चों को अपना मार्गदर्शन प्रस्तुत किया यह सब सर पर सैकड़ो विद्यार्थियों एवं अभिभावकों ने हां मार्गदर्शन का लाभ उठाया।जिसमें पूरणमल प्रजापति, राम सिंह प्रजापति, धीरेंद्र गाम डी, धारा भुखरावली, राजू प्रजापत गंगा पुर, रवि प्रजापत, जगदीश प्रजापत, भरत प्रजापत, रिंकू प्रजापत, सभा राम प्रजापत, गोपेश प्रजापत आशीष प्रजापति, डॉक्टर सतीश प्रजापति, बड़ी नरेश जी सलेमपुर, रूप नारायण सूरोठ आदि उपस्थित रहे।

### जनता क्लिनिक का किया निरीक्षण

**करौली, (निसं)।** ग्रीष्म ऋतु में हीटवेव और लू तापघात के अलर्ट पर तैयारी और व्यवस्थाओं का जायजा सीएमएचओ डॉ. जयंती लाल मीणा ने शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नियर स्टेडियम और जनता क्लिनिक आम का पुरा का औचक निरीक्षण कर लिया, जिसमें जनता क्लिनिक आम का पुरा पर तीन कार्मिक अनुपस्थित पाए गए जिनके हस्ताक्षर कॉलम में क्रॉस लगाई गई। सीएमएचओ द्वारा दोनों संस्थाओं को लू-तापघात और हीटवेव की आवश्यक दवाइयां रखने के निर्देश प्रदान किए।

# पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से नहीं रहे वंचित : जिला कलक्टर

**भरतपुर, (निस)।** ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के माध्यम से संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक मंगलवार को जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें मुख्यमंत्री जल स्वावलंबन अभियान 2.0, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वामित्व योजना, पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त गांव योजना, डांग, पीएम आदर्श ग्राम योजना और सांसद, विधायक कोष से स्वीकृत कार्यों, सीएसआर सहित विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला कलक्टर ने सभी ब्लॉक विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री जल स्वावलम्बन अभियान 2.0 के तहत खड़ीन, टांका और नाड़ी पोखर, मेडबंदी, जल संरचनाओं का संरक्षण करते हुए पुनरुद्धार कार्यों में प्रगति लायें, साथ ही विकास कार्यों को पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने जल शक्ति अभियान में जल निकायों का पुनरुद्धार, चेक डैम और जल संचयन गड्ढे बनाना, भंडारण क्षमता के कार्यों में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने समस्त बीडीओ को लक्ष्य दिए कि जल भराव समस्या का निस्तारण करने हेतु प्रत्येक ठााम पंचायत में लगभग एक हजार सोख्ता खड्डे बनवायें, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं बरती जायेगी। उन्होंने बयाना, नदबई, वैर, भुसावर बीडीओ को स्वामित्व योजना में लंबित प्रकरणों को आगामी तीन सप्ताह में निस्तारित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबी मुक्त गांव योजना में अर्जित प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सर्वे के दौरान इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि कोई भी पात्र व्यक्ति योजना के लाभ से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि सांसद व विधायक कोष से स्वीकृत कार्य पूरे हो चुके हैं, उनके उपयोगिता तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र शीघ्र भिजवाऐं। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत लंबित कार्यों को भी अविलंब पूरा कराया जाना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा करते हुए उच्चौन, वैर, भुसावर बीडीओ को स्वीकृत अधूरे आवासों को शीघ्र ही पूरा करवाने, नवीन पंचायत भवन, आंगनवाड़ी, सामुदायिक शौचालय आदि के शेष कार्यों को पूर्ण कराने के निर्देश भी प्रदान किए।

उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत आगामी वर्षा ऋतु में अटल सेवा केंद्रों, खेल मैदान, चारागाह भूमि, स्कूलों, ठाामीण क्षेत्र की सड़कों, नहरें, झील, बाँध, पोखर के किनारों पर वृक्षारोपण करने, गड्ढे खोदने, मनरेगा मस्टरोल जारी करने लिए सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पौधरोपण के लिए चिन्हित किये जाने वाले स्थानों से विलायती बबूलों को हटाकर उनके स्थानों पर छायादार एवं फलदार पेड़ पौधे भी लगाए जाने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों से समझाइश कर खेतों की मेडों पर वृक्षारोपण करने के लिए जागरूक करें। उन्होंने हरियालो राजस्थान अभियान के तहत ब्लॉकवार वृक्षारोपण कार्यक्रम लक्ष्यतय करने, इसमें पेड़ पौधों की देखभाल के लिए राजीविका समूह की महिलाओं को जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने वैर के ठााम आमोली की चारागाह भूमि से अतिक्रमण हटाकर पौधारोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे गाँव जंहा बरसात ऋतु में पानी निकासी बाधित रहती है, पोखर के जलमार्ग साफ सफाई करवाई जाए। उन्होंने ठाामीण क्षेत्र में रास्तों में जलभराव की समस्या के निदान हेतु नालियों की नियमित सफाई करवाई जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आंगनवाड़ी, विद्यालय, पोखर, नालियों, पेयजल कार्य के प्रस्ताव शीघ्र भिजवाएं।इस दौरान जिला कलक्टर ने कर्मभूमि से मातृभूमि योजना और नवाचार हरी-भरी पोखर के कार्यों, गोवर्धन प्रोजेक्ट, स्वच्छ भारत मिशन, बजट फ्लैगशिप योजनाओं की प्रगति समीक्षा कर विकास कार्यों में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले की राज्य स्तरीय रैंकिंग में सुधार लाने हेतु आपसी समन्वय व टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी मृदुलसिंह, एसीईओ विनय मित्र सहित समस्त बीडीओ मौजूद रहे।



जिला कलक्टर ने ग्रामीण विकास व पंचायती राज योजनाओं में अर्जित प्रगति की समीक्षा की।

# पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई

**भरतपुर, (निसं)।** भरतपुर शहर व जिला कांग्रेस द्वारा देष के पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की 61वीं पुण्यतिथि पर भरतपुर नेहरू पार्क स्थित नेहरू की प्रतिमा को जिला कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष व सेवादल के राष्ट्रीय प्रशिक्षक चुन्नी कप्तान ने गंगाजल व दूध से स्नान कराकर चंदन धूप अगरबत्ती जनेऊ व गुलाब के फूलों की माला पहनाकर उन्हें याद किया।

कांग्रेस के पदाधिकारियों ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता व महान स्वतंत्रता सैनानी बताया आजादी के आन्दोलन में कई बार जेल में रहना पडा इसके पश्चात 15 अगस्त 1947 सको प्रथम बार राष्ट्रीय तिरंगा फहरा कर देषवासियों को सम्बोधित किया। वक्ताओं में शहर कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. दयाचंद पचोरी, साहब सिंह एडवोकेट, पीसीसी महामंत्री धर्मेन्द्र शर्मा, भगवान कटारा, राजीव सिंह कुम्हेर, योगेष सिंघल, रमेष पाठक, अवधेश शर्मा, जीवनलाल शर्मा, षिक्षक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष भरत सिंह गादोली, गंगाराम पाराषर, नपदीम मलिक, तेजप्रकाष सरपंच, किशन लाल जायसवाल, सेवादल के ब्रजेश शर्मा व गुडडू राजपूत प्रमुख थे। अंत में दो मिनट का मौन रखा गया व पंडित नेहरू अमर रहे के नारे लगाए गए।



जिला एवं शहर कांग्रेस के स्थानीय पदाधिकारियों ने पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई।

## स्थापना दिवस 28 मई को

**भरतपुर, (निसं)।** सर्वशक्ति मित्र मण्डल फाउण्डेशन का 8वा स्थापना दिवस एवं सम्मान समारोह का आयोजन 28 मई को शाम 6 बजे पाथेय भवन, मालवीय नगर, जयपुर में आयोजित होगा। फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष सुरेन्द्र पाराशर ने बताया कि कार्यक्रम में अनेक प्रतिष्ठित हस्तियां विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगी। अतिथि डॉ. अरुण चतुर्वेदी (पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं पूर्व मंत्री) जो संस्था के मुख्य संरक्षक भी हैं, समारोह की गरिमा बढ़ाएंगे।इस मौके पर सम्मानित अतिथियों में महामण्डलेश्वर बालमुकुंदाचार्य (विधायक, हवामहल), जोराराम कुमावत (पशुपालन, गोपालन व डेयरी मंत्री), रंजीता कोली (पूर्व सांसद, भरतपुर), एवं सुनील कोठारी की विशेष उपस्थिति रहेगी।उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व आईओजी सी निदेशक आशुतोष पंत एवं भाजपा जयपुर शहर अध्यक्ष अमित गोयल भी अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

## सार-समाचार

### बैनर का किया विमोचन




**करौली, (निसं)।** जीवन ज्योति फाउंडेशन के संस्थापक सदस्य ओमी डागुर,समाजसेवी बबलू शुक्ला ने बताया कि रक्तदान सहित सामाजिक सरोकारों से जुड़े विभिन्न सेवा क्षेत्रों में पिछले सात वर्ष से कार्य कर रही जीवन ज्योति संस्था के द्वारा आयोजित 53 वे रक्तदान शिविर के बैनर का विमोचन किया गया। उन्होंने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस बार भी विश्व रक्तदान दिवस एवं ऑपरेशन सिंदूर के वीर सैनिकों के सम्मान में आयोजित किया जाएगा। सदस्य ओमी डागुर और बबलु शुक्ला ने बताया कि जीवनज्योति संस्था के करीब ग्यारह सो सदस्यों के द्वारा रक्तदान के क्षेत्र में विभिन्न शिविरों एवं लाइव डोनेशन के माध्यम से अबतक करीब दस हजार से अधिक यूनिट रक्तदान किया जा चुका है इसके अलावा संस्था द्वारा हिंडौन जिला चिकित्सालय में रोटी बैंक,मोबाइल चल प्याऊ,नेत्र ज्योति चिकित्सा शिविर,वस्त्र वितरण आदि कार्य टीम के सदस्यों द्वारा अपने स्वयं के खर्च पर ये सेवा कार्य किए जाते हैं इस अवसर पर जिला कलेक्ट्रेट में संस्था के सदस्य एवं समाजसेवी बबलू शुक्ला, संस्थापक सदस्य ओमी भैया डागुर,नरेन्द्र बैसला,बृजेश शुक्ला उर्फ विक्की,रमेश सिंहल हिंडौन, ओमप्रकाश डागुर पीटीआई, दिनेश धाकड सहित अन्य सदस्यो कि उपस्थिति मे जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना व पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के द्वारा संस्था के बैनर का विमोचन किया गया।

### निर्मल स्कूल ने फिर मारी बाजी

**हिण्डौन सिटी, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से गुरुवार शाम जारी किये गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में निर्मल हैप्पी उच्च माध्यमिक विद्यालय हिंडौन के विद्यार्थियों ने शानदार परीक्षा परिणाम के साथ बाजी मारी है। निर्मल एजुकेशन ग्रुप के निदेशक मनीष चौधरी एवं प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से जारी परीक्षा परिणाम में 12वीं विज्ञान वर्ग में हेमेंद्र सिंह पुत्र बलबीर सिंह ने सर्वाधिक 98.40 अंक हासिल किए हैं। इसी तरह योगेश अहिरिया ने 97.40, जीशान मोहम्मद ने 97. 20 और राज बैंसला ने 97. 20 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इसी प्रकार कला वर्ग में देवेंद्र कुमार महावर पुत्र भागचंद महावर ने सर्वाधिक 97. 20 अंक हासिल किए हैं तो वहीं दीपक कुमार ने 97अंक हासिल कर शानदार परीक्षा परिणाम दिया है। वाणिज्य वर्ग में रोहित कुमार मीणा पुत्र धर्म सिंह मीणा ने 89.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। तो वहीं कृषि विज्ञान संकाय में विकेश कुमारी पुत्री पूरणमल ने 93. 80 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं और मोनिका कुमारी ने 91.80 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। इस तरह निर्मल के मेधावियों ने इस बार भी 12वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता अर्जित करके बाजी मारी है। मेधावी विद्यार्थियों की सफलता पर विद्यालय के निदेशक चौधरी सहित प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह विज्ञान वर्ग के प्रभारी मनोज गुप्ता, डॉक्टर मुकेश गुप्ता, सतीश शर्मा, आनंद कुमार, बीएस भटनागर, प्रवीण कुमार शिवराम सैनी आदि सभी अध्यापकों ने विदाई विद्यार्थियों के घरों पर पहुंचकर माला और साफा पहनकर स्वागत किया एवं बधाई दी। इन सभी विद्यार्थियों ने अपनी सफलता का श्री माता-पिता गुरुजनों एवं विद्यालय प्रबंधन को दिया है सभी विद्यार्थियों का कहना है कि नियमित रूप से अध्ययन ही सफलता तक पहुंचता है।

### जिला स्तरीय कार्यशाला आज

**करौली, (निसं)।** जिला परिवीक्षा एवं समाज कल्याण अधिकारी बबलू शर्मा ने बताया कि जिला प्र'ासन एवं सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के तत्वाधान में अटल वयो अभ्युदय योजनान्तर्गत वरिष्ठ नागरिकों के कल्याण और स'ाक्तिकरण पर आज बुधवार को प्रात: 10 बजे से सांय 5बजे तक एकट बोधग्राम बंशी का बाग करौली में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। उन्होने बताया वि ेकार्यशाला में मनोवैज्ञानिक,योग प्रशिक्षक,आहार विशेषज्ञ, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के जिलाधिकारी,पुलिस विभाग के अधिकारी, परार्मा दाताओं, ईमित्र सेवा प्रदाता तथा स्वयंसेवी संस्थाओं के अतिरिक्त जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी,सामाजिक कार्यकर्ता, जनप्रतिनिधिगण एवं गणमान्य सदस्य उपस्थित रहेंगे जिनके माध्यम से वरिष्ठ नागरिकों से संबंधित विभिन्न विषयों पर वृद्धजनों को विस्तृत जानकारी प्रदान करवाई जायेगी। उन्होंने बताया कि उक्त कार्यक्रम में विभिन्न वि'ोषज्ञों द्वारा वृद्धों को ध्यान एवं योग,मानसिक स्वास्थ्य,पोषण,आहार,सामाजिक सुरक्षा पेंशन,वरिष्ठ नागरिकों के साथ दुर्व्यवहार की रोकथाम और प्रतिक्रिया सत्र,वृद्धजनों के साथ सामाजिक जुडाव और समय प्रबंधन,वरिष्ठ नागरिकों के लिए वित्तीय योजना एवं डिजिटल साक्षरता सत्र आदि से संबंधित सत्रों का आयोजन किया जायेगा।

# विद्यार्थियों को फसल में लगने वाले कीट व रोगों की जानकारी दी

**भरतपुर, (निसं)।** कृषि महाविद्यालय भुसावर पर ग्रामीण उद्यिमता कृषि विकास योजनान्तर्गत विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन फसलों में लगने वाले कीट एवं रोगों की जानकारी दी गयी। महाविद्यालय के डीन डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि ग्रीष्मकालीन मूंग, उडद और लोबिया में पीत शिरा रोग, सफेद चूर्णी रोग, सरकोस्पोरा एवं झुर्रीदार पत्ती रोग प्रमुखत: नुकसान पहुँचाते हैं।

पीत शिरा रोग के नियंत्रण के लिए इमीडाक्लोप्रिड 17.8 एस.एल. आधा मिली प्रतिलीटर पानी के घोल का छिडकाव करें। उन्होंने बताया कि सफेद चूर्णी रोग के नियंत्रण के लिए घुलनशील गंधक 0.3 प्रतिशत या कैराथेन एलसी 0.1 प्रतिशत घोल का छिडकाव करें। सरकोस्पोरा रोग की रोकथाम के लिए मेंकोजेब 0.2 प्रतिशत घोल का छिडकाव करना चाहिए।

## बैठक आयोजित

**भरतपुर, (निसं)।** जल महल प्रेस क्लब जिला डीग की शिष्टाचार बैठक संरक्षक दीपचंद शर्मा की अध्यक्षता एवं महासचिव सुरेश शर्मा तुल्ला के मुख्य आतिथ्य और जिला संयोजक बाहदुर सिंह के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित की गई। वहीं मीडिया प्रभारी पंकज तिवारी ने बताया कि बैठक में जल महल प्रेसक्लब के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष नरेश फौजदार सहित पदाधिकारियों का माला, साफा एवं दुपट्टा पहना कर किया गया।

## साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित

**करौली, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलक्टर हेमराज परिडवाल की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट में आवश्यक सेवाओं के सम्बन्ध में साप्ताहिक समीक्षा व समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई।

गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सुव्यवस्थित जलापूर्ति बनाए रखने के लिए जन-स्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता प्रकाशचंद मीना को निर्देशित किया। जिससे गर्मियों के दिनों में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। बैठक में उन्होंने अधीक्षण अभियंता से मौजूदा पेयजल आपूर्ति व्यवस्था से संबन्धित जानकारी प्राप्त की। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर ने सीएमएचओं डॉ. जयंतीलाल मीणा को विभिन्न स्वास्थ्य एवं चिकित्सा संस्थानों के नियमित निरीक्षण, चिकित्सालयों में दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने, मौसमी बीमारियों के संबंध में विशेष सतर्कता बरतने, विद्युत विभाग के अधिकारी को सुचारू रूप से बिजली की आपूर्ति सुचारू रूप से बनाये रखने के लिए आदेशित किया।

**कार्यालय विकास अधिकारी**
**पंचायत समिति करौली, जिला करौली**

क्रमांक-पं.स.क./स्व.भा.मि./ई-निविदा/2025-26/21 दिनांक-26/05/25

**ई-निविदा सूचना SBM/02/2025-26**

पंचायत समिति करौली के अधीनस्थ समस्त ग्राम पंचायतों में दिनांक 31.03.2026 तक वित्तीय वर्ष 2025-26 मे घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवों की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी. पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मों से निविदाएँ आमन्त्रित की जाती है। ई-निविदा से संबधित विस्तृत विवरण https://eproc.rajasthan.gov.in एवं https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय पर देखी जा सकती हैं।

NIB :-ZKR2526A0102
UBN: ZKR2526SLRC00167

विकास अधिकारी
पंचायत समिति करौली
जिला करौली

# अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने जलभराव से निपटने के दिए निर्देश

**डीग/भरतपुर, (निसं)।** अतिरिक्त जिला कलेक्टर डीग देवी सिंह ने मंगलवार को पंचायत समिति सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर मॉनसून के सीजन से पूर्व जलभराव की संभावना को देखते हुए जनधन के सुरक्षात्मक उपाय के लिए एनडीए की गाइडलाइन के तहत उचित प्रबंध करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सिंचाई विभाग, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग, स्थानीय निकाय विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, विद्युत वितरण निगम, पशुपालन विभाग, सर्वजनिक निर्माण विभाग सहित अन्य विभागों को निर्देशित किया कि वह जलभराव के संबंध में आवश्यक कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। उन्होंने सिंचाई विभाग को 15 जून से बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित करने तथा बाढ़ या जलभराव की संभावना के दृष्टिगत संवेदनशील एवं संकटग्रस्त क्षेत्रों का सामना करने के लिए कार्य योजना बनाने, उपलब्ध वॉयरलैस सेटअप को कार्यशील रखने तथा नावों, रक्षा पेटियों, रस्सों, मशालों, टॉर्च आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वर्षा काल में नदियों, नेहरों, बांधों, तालाबों आदि पर निरंतर भ्रमण करते हुए आने वाले संकट के विषय में अठिाम चेतावनी देने के भी निर्देश दिए गए। बांध के गेट खोलने वाले तथा तकनीकी रूप से दक्ष कर्मचारियों की सूची बनाकर अपने कार्य स्थल पर तैनात रहने के लिए पाबंद किया गया और नावों, रस्सों तथा अन्य उपकरण आदि की बाढ़ संभावित केंद्रों पर उपलब्धता सुनिश्चित करने की बात की गई।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को भी वर्षा काल में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने के निर्देश दिए गए। निचले क्षेत्रों से पानी निकालने के लिए पंप सेट की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा जहां ज्यादा जल भराव की संभावना है वहां व्यापक मात्रा में पंपसेट की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेयजल की व्यवस्था व पेयजल स्त्रोतों के क्लेरिफिकेशन की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए ताकि दूषित पेयजल जनित बीमारियां फैलने की संभावना न रहे। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वह उचित मूल्य की दुकानों पर गेहूं सहित अन्य खाद्य सामग्री के भंडारण, उसके वितरण की व्यवस्था व वितरण के स्थान का उल्लेख आदि सूचनाओं की पारदर्शिता के साथ-साथ उनकी उपलब्धता की व्यवस्था सुनिश्चित करें। स्थानीय निकाय विभाग को शहर की सड़कों की मरम्मत एवं नालों की सफाई की व्यवस्था 15 जून से पूर्व करने के निर्देश दिए गए। निचले स्तर से प्रभावित व्यक्तियों/बस्तियों को ऊंचे क्षेत्र में अस्थाई रूप से रहने के लिए वहां स्थित धर्मशाला, सार्वजनिक स्थल आदि को चिन्हित करने की व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात की गई। वर्षा के एकत्रित पानी को निकालने के लिए पंप सेट का प्रबंध करना, मृत पशुओं, मलवा, कचरा आदि को हटाने एवं सुरक्षात्मक स्वास्थ्य उपाय, जैसे मलेरियारोधी उपाय, कटे हुए फलों और सब्जियों को खुले में विक्रय कर प्रतिबंध आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को जीवन रक्षक दवाइयां, बाढ़ या अधिक वर्षा के समय आवश्यकता अनुसार मोबाइल चिकित्सा दल के गठन की व्यवस्था की जान के निर्देश दिए गए। बाढ़ के दौरान तथा उसके उपरांत फैलने वाली बीमारियां जैसे हैजा, पीलिया, मलेरिया, फूड प्वाइजनिंग आदि के इलाज के लिए पर्याप्त मात्रा में दवाइयां उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। विद्युत वितरण निगम को बाढ़ की स्थिति में विद्युत व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए आवश्यक उपकरण पोल, कंडक्टर आदि की व्यवस्था रखने की बात की गई।



डीग में अतिरिक्त जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को जलभराव से निपटने के निर्देश दिए।

## काव्य गोष्ठी का आयोजन

**भरतपुर, (निसं)।** रामलीला समिति भरतपुर के तत्वावधान में दाल बाजार स्थित मंदिर लक्ष्मण संतोषी में ऑपरेषन सिन्दूर के तहत भारतीय सेना के द्वारा किये गये अद्भुत पराक्रम के सम्मान में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता डॉ. शैलेष तिवारी द्वारा की गई। मुख्य वक्ता भागीरथ सिंह विभाग संघ संचालक रहे। संचालन रेणुदीप गौड द्वारा किया गया। शुभारम्भ सरस्वती वंदना के साथ हुआ।

मुख्य वक्ता भागीरथ सिंह द्वारा अपने उदबोधन में भारतीय सेना के पराक्रम की अत्यधिक सराहना करते हुए देष के लोगों को भी अत्यधिक सजग रहने एवं देष भक्ति का जजबा कायम रखने की जरूरत पर ध्यान आकर्षित किया। साथ ही प्रधानमंत्री के वक्तव्य 'ऑपरेषन सिन्दूर का विराम नहीं माना जाकर आतंकी हमले की पुनरावृति की स्थिति में इसे युद्ध की श्रेणी में माना जायेगा' का उल्लेख किया गया। कवि श्याम सिंह जघीना द्वारा माँ शारदे की वंदना कर 'अभी समर है शेष अभी तो टेलर देखा एवं कष्मीर न देंगे तुझे कष्मीर न देंगे', गोविन्द सिंह डागुर द्वारा सेना के पराक्रम का वंदन कियां

**कार्यालय भरतपुर विकास प्राधिकरण, भरतपुर**

फोन न0 05644-230688 वेवसाईट urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur.com

क्रमांकः-नीलामी / 2025 / 6053 दिनांक 27.05.2025

**ई-ऑक्शन के माध्यम से भूखण्ड खरीदने का सुनहरा अवसर**

भरतपुर विकास प्राधिकरण भरतपुर द्वारा विभिन्न योजनाओं में आवासीय एवं व्यावसायिक भूखण्ड ई-ऑक्शन द्वारा नीलाम किये जा रहे है, जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

नीलामी दिनांक : - 03 से 04 जून 2025

| क्र. सं. | योजना का नाम | भूखण्ड संख्या | साईज फुट व मीटर में | क्षेत्रफल व.ग. / व.मी. | आरक्षित दर प्रति व.ग./ व.मी.(लीज हेतु) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) | ई-ऑक्शन प्रारम्भ करने की दर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | बिल्डिंग मैटेरियल योजना संख्या-14 (व्यावसायिक) | TYPE-A 54, 55, 56 | 10X30 | 300.00 | 14000 व.मी | 155000 | 25,600.00 |
| 2. | | TYPE-B 58, 59, 60, 61 | 06X20 | 120.00 | 14000 व.मी | 80000 | 32,100.00 |
| 3. | | TYPE-C 55 | 06X15 | 90.00 | 14000 व.मी | 50000 | 25,100.00 |
| 4. | | TYPE-C 118,119,120 | 4.50X15 | 67.50 | 14000 व.मी | 50000 | 32,100.00 |
| 5. | | TYPE-C 174, 175 | 03X10 | 30.00 | 14000 व.मी | 35000 | 53,000.00 |
| 6. | | TYPE-C 311 | 03X03 | 9.00 | 14000 व.मी | 15000 | 65,200.00 |
| 7. | | TYPE-D 8 | 30X30 | 900.00 | 14000 व.मी | 765000 | 42,500.00 |
| 8. | एसपीएम नगर योजना (आवासीय) | 155 | (69'+93')/2X(115'+51')/2 | 626.66 | 11000 व.गज | 425000 | 55,000.00 |
| 9. | | 849, 850 | 18'X35' | 70.00 | 11000 व.गज | 95000 | 67,300.00 |
| 10. | एसपीएम नगर (व्यावसायिक ब्लॉक) | BLOCK-A 47, 48,61 | 6X12 | 72.00 | 22000 व.गज | 140000 | 94,300.00 |
| 11. | | BLOCK-A 58,59, 60 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 94,500.00 |
| 12. | | BLOCK-A 41, 42, 43 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 35000 | 85,000.00 |
| 13. | | BLOCK-A 5 | 6X (13.73+13.80)/2 | 82.57 | 22000 व.गज | 125000 | 75,000.00 |
| 14. | | BLOCK-B B2 | (17.77+28.64)/2X(48.90+50.66)/2 | 1140.935 | 22000 व.गज | 1100000 | 48,000.00 |
| 15. | सैक्टर नं0-03 (व्यावसायिक) | 32, 62, 64 | 3X6 | 18.00 | 22000 व.गज | 85000 | 2,23,100.00 |
| 16. | | 75 | 3 X 6 | 18.00 | 22000 व.गज | 85000 | 2,23,100.00 |
| 17. | सैक्टर नं0-03 (आवासीय) | 12 CORNERS | 65'X89' | 642.77 | 11000 व.गज | 645000 | 83,500.00 |
| 18. | | 104 CORNERS | 81'X(89'+85')/2 | 782.44 | 11000 व.गज | 1325000 | 83,500.00 |
| 19. | एसपीजैड योजना (आवासीय) | B-145 Corner | 7.6X9 | 68.40 | 10500 व.मी | 60000 | 42,200.00 |
| 20. | | B-161 Corner | 6-5X9 | 58-5 | 10500 व.मी | 60000 | 42,200.00 |
| 21. | | D-13 Corner | 10X17 | 170.00 | 10500 व.मी | 220000 | 42,200.00 |
| 22. | | D-38 Corner | 9.5X15 | 142.50 | 10500 व.मी | 145000 | 42,200.00 |
| 23. | एसपीजैड योजना (व्यावसायिक) | A 6-7 Corner | 18-57X20 | 371.4 | 21000 व.मी | 335000 | 45,000.00 |

1. क्र.स. 1 से 23 के भूखण्डों हेतु रजिस्ट्रेशन, अमानत राशि, पहचान पत्र अपलोड करने की कार्यवाही दिनांक 20.03.2025 को प्रातः 10 बजे से सारणी मे अंकित बोली प्रारम्भ किये जाने की तिथि से एक दिवस पूर्व सांय 6 बजे तक की जावेगी।
2. आमजन को सूचित किया जाता है कि अगर नीलामी में रखे गये भूखण्डों पर किसी न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया हो तो नीलामी से पूर्व मय साक्ष्य के प्राधिकरण कार्यालय में प्रस्तुत करें।
3. ई-ऑक्शन हेतु वेबसाईट :- urban.rajasthan.gov.in/uitbharatpur on E services, property auction, click on link here for E-auction details पर बोली लगा सकते है।

राज.संवाद / सी / 25 / 3162 सचिव

# पहले राउंड की काउंसलिंग की पात्रता को लेकर दायर याचिका खारिज

- **हाईकोर्ट ने पीसीपीएनडीटी के तहत छह माह के अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित पहली काउंसलिंग में स्थानीय चिकित्सक को आरक्षण देने को सही माना है**
- **अदालत ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत निर्णय है और यह संविधान के प्रावधानों के भी विपरीत नहीं है**

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने पीसीपीएनडीटी के तहत छह माह के अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स में प्रवेश के लिए आयोजित पहली काउंसलिंग में स्थानीय चिकित्सक को आरक्षण देने को सही माना है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में दायर याचिका को खारिज कर दिया है। जस्टिस समीर जैन की एकलपीठ ने यह आदेश अनूप अग्रवाल व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने कहा कि यह सरकार का नीतिगत निर्णय है और यह संविधान के प्रावधानों के भी विपरीत नहीं है।

याचिका में बताया कि पीसीपीएनडीटी के तहत छह माह का अल्ट्रासाउंड ट्रेनिंग कोर्स कराने के लिए गत 22 अप्रैल को नीट पीजी काउंसलिंग बोर्ड ने विज्ञापन जारी कर आवेदन मांगे गए है। जिसमें प्रावधान किया गया कि पहले राउंड में प्रदेश की मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों और सेवारत डॉक्टरों को ही शामिल किया जाएगा। वहीं यदि इसके बाद सीटें रिक्त रही तो दूसरे और बाद में राउंड में प्रदेश के बाहर से एमबीबीएस करने वालों को मौका दिया जाएगा। इसके चुनौती देते हुए कहा गया कि नेशनल मेडिकल कमीशन देश में कहीं से भी एमबीबीएस करने वाले चिकित्सकों को योग्यता के आधार पर एक समान मानता है। ऐसे में इस कोर्स में प्रवेश के लिए याचिकाकर्ता के साथ स्थान के आधार पर भेदभाव नहीं किया जा सकता। पीसीपीएनडीटी नियम, 2014 के तहत नीट पीजी के अंकों के आधार पर इस कोर्स में प्रवेश का प्रावधान है। पाठ्यक्रम की सीटों पर सौ फीसदी आरक्षण नहीं दिया जा सकता। इसका विरोध करते हुए राज्य सरकार की ओर से अतिरिक्त महाधिवक्ता विज्ञान शाह ने बताया कि पहले राउंड में प्रदेश से बाहर के अभ्यर्थी भी पात्र हैं। दूसरे राज्यों के जो अभ्यर्थी प्रदेश में सेवारत हैं या यहां की कॉलेज से एमबीबीएस हैं, उन्हें पात्र माना गया है। वहीं सुप्रीम कोर्ट की संवैधानिक पीठ ने भी संस्थागत आरक्षण में पचास फीसदी व नियोजित कर्मचारियों के लिए पचास फीसदी आरक्षण को सही माना है। वहीं कोर्स में प्रदेश के लिए दूसरे राउंड के लिए अन्य राज्यों के अभ्यर्थियों को भी पात्र माना गया है। दोनों पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने याचिका को खारिज कर दिया है।

## पूर्व मंत्री महेश जोशी की जमानत पर सुनवाई जारी

**जयपुर।** ईडी मामलों की विशेष अदालत में मंगलवार को जल जीवन मिशन प्रकरण में न्यायिक अभिरक्षा में चल रहे पूर्व जलदाय मंत्री महेश जोशी की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। आरोपी की ओर से अपनी बहस पूरी कर ली गई है। वहीं ईडी जमानत अर्जी पर 28 मई को बहस करेगी।

महेश जोशी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक राज बाजवा ने अदालत को बताया कि एसीबी की एफआईआर और मामले में पेश आरोप पत्र में उसका नाम नहीं है। ईडी ने मार्च, 2024 में उसे पूछताछ के लिए बुलाया था। उसके बाद करीब एक साल तक मामले में कोई कार्रवाई नहीं की और गत दिनों उसे अचानक बुलाकर गिरफ्तार कर लिया। प्रकरण में अन्य आरोपियों की पूर्व में ही जमानत हो चुकी है।



**विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को मंगलवार को विधानसभा में पशुपालन एवं डेयरी, गोपालन व देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने शिष्टाचार मुलाकात की। कुमावत ने देवनानी का दुपट्टा ओढ़ाकर अभिनन्दन किया। कुमावत ने देवनानी को विभाग की पुस्तिका भेंट की।**



**नौतपा में भीषण गर्मी से बचाने के लिए बड़ी चौपड़ पर पानी की फुहार फेंक कर लोगों को कुछ राहत देने का प्रयास किया गया।**

## पशुपालकों के खाते में 88.43 करोड़ की अनुदान राशि डीबीटी

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राज्य के दुग्ध उत्पादकों को 88.43 करोड़ की अनुदान राशि का भुगतान किया है। यह राशि मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत दी गई है। राज्य सरकार की ओर से सहकारी समितियों से जुड़ी डेयरियों पर दूध देने वालों को 5 रुपए प्रति लीटर के हिसाब से भुगतान किया जाता है। पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में प्रदेश के करीब साढे चार लाख पशुपालक किसानों के बैंक खाते में यह राशि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के माध्यम से हस्तांतरित की गई है।

# 'आवास भवन' को ऊर्जा मंत्रालय के द्वारा मिली 5 स्टार रेटिंग



**भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ प्रतिष्ठित ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा मुख्यालय भवन आवास भवन को 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है।**

**जयपुर।** राजस्थान आवासन मण्डल ने ऊर्जा संरक्षण की दिशा में मिसाल कायम की है। भारत सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के अधीनस्थ प्रतिष्ठित ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी द्वारा मुख्यालय भवन आवास भवन को 5 स्टार रेटिंग से सम्मानित किया गया है।

यह उपलब्धि भवन की ऊर्जा दक्षता, पर्यावरणीय उत्तरदायित्व और सतत विकास के प्रति मण्डल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस उपलब्धि को राजस्थान में सरकारी भवनों के लिए एक प्रेरणास्त्रोत के रूप में देखा जा सकता है। ऊर्जा प्रदर्शन सूचकांक भवन के डिजाइन और निर्माण के दौरान ऊर्जा दक्षता का मूल्यांकन करता है। यह ऊर्जा उपयोग का माप है, जो प्रति वर्ग मीटर या प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत को दर्शाता है। का उपयोग करके ऊर्जा दक्षता में सुधार के लिए बेहतर इंसुलेशन, अधिक कुशल उपकरण या नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग किया जाता है। इसका उपयोग ऊर्जा दक्षता को मापने व सुधारने में किया जाता है।

इस अवसर पर आवासन आयुक्त डॉ रश्मि शर्मा ने कहा की यह सम्मान हमारे लिए अत्यंत गर्व की बात है, और यह हमारी टीम के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हम ऊर्जा दक्षता जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र में योगदान देने के लिए प्रतिबद्ध हैं और प्रयासरत है कि हमारी आवासीय योजनाओं में भी हम 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करें। राज्य सरकार की मंशानुसार राजस्थान आवासन मण्डल आगे भी ऊर्जा संरक्षण, पर्यावरणीय संतुलन और सतत शहरी विकास के लिए कार्य करता रहेगा।

## स्वर्ण जयंती पार्क, मजार डेम एवं किशन बाग को विकसित करने के लिए उच्चस्तरीय बैठक

**जयपुर।** राज्य बजट घोषणा की स्वीकृति के तहत विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र स्थित स्वर्ण जयंती पार्क, मजार डेम एवं किशन बाग के धोरों को भारतीय सेना के सहयोग से मॉडल स्वरूप में विकसित किए जाने को लेकर आज एक महत्वपूर्ण संयुक्त बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में परियोजना के विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन पर गहन चर्चा की गई।

यह बैठक उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ साउथ वेस्टर्न कमांड लेफ्टिनेंट जनरल मनजिंदर सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोड़ा, जयपुर विकास प्राधिकरण की आयुक्त आनंदी सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में क्षेत्र के समग्र विकास, सौंदर्यीकरण, पर्यावरण संरक्षण तथा पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सैन्य सहयोग के माध्यम से क्षेत्र को राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक बनाने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया। परियोजना का मुख्य उद्देश्य इन क्षेत्रों को स्वच्छ, हरित एवं शैक्षिणक मनोरंजन से युक्त विकसित करना है, जिससे स्थानीय नागरिकों, युवाओं, बच्चों और पर्यटकों को एक समृद्ध एवं प्रेरणादायक वातावरण मिल सके।

इस पहल से न केवल क्षेत्रीय विकास को गति मिलेगी बल्कि सेना और नागरिक प्रशासन के समन्वित प्रयासों से एक आदर्श मॉडल भी प्रस्तुत होगा, जो राज्य के अन्य क्षेत्रों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनेगा।

# महाराणा प्रताप जयंती पर कार्यक्रम ''शौर्य गाथा के रंग'' आयोजित होगा

- **बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित हो रहे कार्यक्रम में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे मुख्य अतिथि**
- **कार्यक्रम संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने बताया, महाराणा प्रताप के जीवन पर फिल्म भी दिखाई जाएगी**

**जयपुर।** स्वाभिमान के प्रतीक वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की जयंती पर महाराणा प्रताप फाउंडेशन बुधवार को भव्य आयोजन शौर्य गाथा के रंग करने जा रहा है। बिड़ला ऑडिटोरियम में आयोजित होने वाले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा होंगे। कार्यक्रम संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने यह जानकारी दी।

मंगलवार को प्रेस क्लब में आयोजित पत्रकार वार्ता में संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने बताया कि हमें यह बात साझा करते हुए अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि महाराणा प्रताप फाउंडेशन विगत कई वर्षों से भारत भूमि के महानतम योद्धा, स्वाभिमान और स्वतंत्रता के प्रतीक महाराणा प्रताप की गौरवगाथा को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। फाउंडेशन का उद्देश्य केवल इतिहास का स्मरण करना नहीं, बल्कि युवाओं में राष्ट्रभक्ति, आत्मबलिदान और सांस्कृतिक गौरव की भावना को जागृत करना भी है। बनवासा ने कहा कि महाराणा प्रताप का जीवन न केवल वीरता का प्रतीक है, बल्कि उनके द्वारा दर्शाया गया स्वराज्य का संकल्प, कठिन परिस्थितियों में स्वाभिमान से समझौता न करने का अद्वितीय साहस और गौरवपूर्ण जीवन मूल्यों का अनुपम उदाहरण आज भी समाज के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है।

संयोजक प्रेम सिंह बनवासा ने कहा कि फाउंडेशन द्वारा नियमित रूप से शौर्य-गाथा संगोष्ठियां, शैक्षिक संगठनों में व्याख्यान, बाल एवं युवा वर्ग के लिए निबंध प्रतियोगिताएं तथा सांस्कृतिक कार्यक्रमों, नाटक एवं प्रदर्शनी के माध्यम से वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जीवनगाथा का प्रसार किया जाता है। उन्होंने बताया कि शौर्य गाथा के रंग कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप के जीवन पर फिल्म दिखाई जाएगी। कवि महाराणा प्रताप की वीरगाथा को अपनी कविताओं के माध्यम से बताएंगे। संयोजक बनवासा ने बताया कि राजस्थान के उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, सहकारिता मंत्री गौतम दक, जयपुर सांसद मंजू शर्मा, हवामहल विधायक बालमुकुंदाचार्य, जमवारामगढ़ विधायक महेंद्र पाल मीणा समेत बड़ी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# शिक्षा विभाग तीन सप्ताह में बनाए रिवीजन कमेटी : हाईकोर्ट

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने स्कूल फीस से जुडे विवाद को लेकर डिवीजनल कमेटी के आदेश की रिवीजन सुनने के लिए पिछले 9 साल से रिवीजन कमेटी नहीं बनाए जाने पर नाराजगी जताई है। अदालत ने शिक्षा विभाग को तीन सप्ताह में रिवीजन कमेटी बनाकर एक जुलाई को पालना रिपोर्ट पेश करने को कहा है। अदालत ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश की पालना नहीं हुई तो दोषी अफसरों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाएगी। जस्टिस अनूप कुमार ढंड ने यह आदेश भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम की याचिका पर दिए।

सुनवाई के दौरान अदालती आदेश की पालना में स्कूल शिक्षा सचिव कृष्ण कुणाल वीसी के जरिए उपस्थित हुए। शिक्षा विभाग की ओर से एएजी बीएस छाबा ने कहा कि फीस एक्ट के तहत रिवीजन कमेटी बनाने में छह सप्ताह का समय लगेगा। इस पर याचिकाकर्ता के अधिवक्ता प्रतीक कासलीवाल ने कहा कि एक ओर तो शिक्षा विभाग ने शपथ पत्र पेश कर कहा था कि कि फीस विवाद के लंबित रिवीजन प्रार्थना पत्रों पर 26 मई से सुनवाई शुरू कर देंगे। वहीं अब रिवीजन कमेटी बनाने के लिए छह सप्ताह का समय मांग रहे हैं। ऐसे में विभाग ने गलत शपथ पत्र दिया है। इस पर अदालत ने शिक्षा विभाग को कहा कि ऐसा शपथ पत्र क्यों दिया है। यह अवमानना है और क्यों ना इसके लिए दोषी अफसरों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही अदालत ने शिक्षा विभाग को आखिरी मौका देते हुए तीन सप्ताह में रिवीजन कमेटी बनाने का आदेश दिया है। दरअसल भारतीय विद्या भवन विद्याश्रम की याचिका पर हाईकोर्ट ने 9 सालों से रिवीजन कमेटी नहीं बनाए जाने पर शिक्षा सचिव को वीसी या व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित होने का निर्देश दिया था। वहीं गत सुनवाई पर शिक्षा विभाग ने कहा था कि कमेटी में गैर सरकारी सदस्य नियुक्त नहीं हुए हैं और लंबित रिवीजन प्रार्थना पत्रों की संख्या को देखते हुए 26 मई से कमेटी सुनवाई करेगी।

## नगरीय निकायों के पुर्नगठन एवं पुर्नसीमांकन के प्रस्तावों को लेकर बैठक

**जयपुर।** मंत्रिमण्डल सचिवालय, राजस्थान सरकार के आदेशों की अनुपालना में मंगलवार को स्वायत्त शासन विभाग के सभागार में राज्य में नगरीय निकायों के पुर्नगठन एवं पुर्नसीमांकन के प्राप्त प्रस्तावों को लेकर परीक्षण एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मंत्रीमण्डलीय उप समिति के सदस्य राज्यमंत्री वन विभाग संजय शर्मा, राज्यमंत्री सहकारिता विभाग गौतम कुमार तथा समिति के संयोजक राज्यमंत्री नगरीय विकास विभाग झाबर सिंह खर्रा द्वारा इस बैठक में अजमेर, कोटा, उदयपुर और बीकानेर संभाग की नगरीय निकायों के पुर्नगठन एवं पुर्नसीमांकन के प्रस्तावों पर समीक्षा एवं गहन चर्चा की गई।

# करोना की आशंका : चिकित्सा मंत्री ने बुलाई आपात बैठक

- **वैरियंट घातक नहीं, फिर भी सतर्क रहें : खींवसर**

**जयपुर।** देशभर में कोविड-19 के नए मामले सामने आने के बाद राजस्थान सरकार सतर्क मोड में आ गई है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सोमवार को चिकित्सा विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक आपात बैठक आयोजित कर संक्रमण को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि भारत सरकार के अनुसार वर्तमान में सामने आया कोविड वैरियंट घातक नहीं है, लेकिन खांसी, जुकाम या बुखार जैसे लक्षण दिखने पर नागरिकों को तत्काल चिकित्सकीय परामर्श लेना चाहिए। उन्होंने संवेदनशील वर्ग जैसे बुजुर्गों, गर्भवती महिलाओं, गंभीर रोगियों व बच्चों को विशेष सतर्कता बरतने की सलाह दी।

चिकित्सा मंत्री खींवसर ने अधिकारियों से कहा कि चिकित्सा विशेषज्ञों ने भले ही स्थिति को गंभीर नहीं बताया हो, फिर भी अस्पतालों में जांच, दवाएं और उपचार की व्यवस्था पूरी तरह दुरुस्त रखी जाए। आईएलआई के लक्षण दिखने पर किसी भी मरीज को आवश्यक जांच और चिकित्सा तुरंत उपलब्ध होनी चाहिए। बैठक के दौरान चिकित्सा विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने कहा कि राज्य के विभिन्न चिकित्सा संस्थानों में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट्स की कार्यशीलता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जो प्लांट बंद हैं, उन्हें शीघ्र मरम्मत कर चालू कराया जाए। भारत सरकार द्वारा समय-समय पर कोविड को लेकर जारी दिशा-निर्देशों की पालना अनिवार्य रूप से की जाए।

सरकार ने आमजन से अपील की है कि घबराएं नहीं, लेकिन एहतियात जरूर बरतें। लक्षण दिखने पर खुद को आइसोलेट करें, चिकित्सक से संपर्क करें और भीड़-भाड़ वाले स्थानों से बचें।

## गली-गली में भाजपा की तिरंगा यात्रा



**जयपुर।** भाजपा की ओर से भारतीय सेना के शौर्य को नमन करने के लिए निकाली जा रही तिरंगा यात्रा की गूंज जयपुर शहर की गलियों में भी सुनाई दी। भाजपा से वार्ड 71 से पार्षद मुकेश काका के नेतृत्व में मंगलवार को पत्रकार कॉलोनी रोड पर आनंद गार्डन गोल्यवास से विभिन्न मार्गो से होते हुए निमड़ी बालाजी तक निकाली गई। डीजे की धुन पर देशभक्ति गीतों की गूंज के बीच निकली इस तिरंगा यात्रा में वार्ड 67 से पार्षद गणेश जाट, पूर्व मंडल अध्यक्ष राजेंद्र खरवास, महामंत्री राजकुमार, वार्ड अध्यक्ष मानसिंह नरूका, समाजसेवी नरेंद्र हर्ष, गोपाल भींवाल, इस्पेक के प्यारेलाल शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, गिरिराज शर्मा, शंकर शर्मा, मोहन शर्मा, बनवारी शर्मा आदि शामिल थे।

# सीतापुरा से टोडी मोड़ तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर बैठक

**जयपुर।** बजट घोषणा में शामिल सीतापुरा से टोडी मोड़ तक प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता राज्य की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की।

इस बैठक में परियोजना की संभावनाओं, आवश्यकताओं और व्यवहार्यता पर विस्तार से चर्चा की गई। उपमुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस परियोजना को जनता के हित में शीघ्रता से आगे बढ़ाया जाए और सभी तकनीकी एवं प्रशासनिक पहलुओं पर समुचित कार्ययोजना तैयार की जाए।

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रवीण गुप्ता, प्रमुख शासन सचिव वैभव गालरिया, एनएचएआई के आरओ प्रदीप, जयपुर मेट्रो के डायरेक्टर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि यह मेट्रो परियोजना जयपुर शहर के यातायात को बेहतर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे नागरिकों को सुगम एवं सुरक्षित सार्वजनिक परिवहन की सुविधा मिल सकेगी।



**उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने की अध्यक्षता में प्रस्तावित मेट्रो परियोजना को लेकर बैठक का आयोजन किया गया।**

## तिंरगा यात्रा का गलत फीडबैक देने पर कहा-सुनी

**जयपुर।** प्रदेश में ऑपरेशन सिंदूर के बाद भाजपा की ओर से तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी को लेकर प्रदेश पर सभी जगह तिरंगा यात्राओं का आयोजन किया गया। जयपुर देहात दक्षिण जिले की तिरंगा यात्रा को लेकर प्रदेश के पदाधिकारी को गलत फीडबैक देने के मामले में जयपुर देहात दक्षिण जिला अध्यक्ष राजेश गुर्जर व तिरंगा यात्रा के प्रभारी भूपेंद्र सैनी के बीच भाजपा कार्यालय में जमकर कहा सुनी हुई। दोनों नेताओं के बीच भाजपा कार्यालय में हुई। इस दौरान भाजपा पूर्व अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी, पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ के बीच बचाव के बाद मामला शांत हुआ। हालांकि बताया जा रहा है कि पिछले कई दिनों से सैनी के द्वारा जयपुर देहात दक्षिण का गलत फीडबैक भाजपा प्रदेश नेताओ को देने के मामले में ये कहा सुनी हुई।

# लाखों के जेवर व नगदी चुराने वाली गैंग का पर्दाफाश, चार जने गिरफ्तार

## चोरी का माल खरीदने वाला स्थानीय ज्वैलर्स भी पुलिस की गिरफ्त में आया

**डीडवाना, (निसं)।** डीडवाना जिले की कुचामन पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने लाखों रुपए के जेवरात और नकदी चुराने वाली एक गैंग का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। साथ ही चोरी का माल खरीदने वाले एक ज्वैलर्स को भी पकड़ा है। पुलिस ने आरोपियों से 5500 ग्राम चांदी, चांदी के बर्तन और 100 ग्राम सोना भी बरामद किया है। साथ ही वारदात में इस्तेमाल की गई होंडा सिटी कार को भी जब्त किया है।



कुचामन पुलिस ने लाखों के जेवर और नकदी चुराने वाली एक गैंग का पर्दाफाश किया।

- आरोपियों से 5500 ग्राम चांदी, चांदी के बर्तन एवं 100 ग्राम सोना बरामद किया
- कुचामन के एक मकान में सेंधमारी कर लाखों के जेवरात व नगदी चोरी किए थे
- राज्य के सात जिलों में दर्जनों गंभीर आपराधिक मामलों में वांछित है गैंग के बदमाश

पुलिस के अनुसार यह चोर गैंग जयपुर, अजमेर, नागौर, भीलवाड़ा, अलवर, चूरू और सीकर जिलों में सक्रिय थी। राज्य के सात जिलों में इस गैंग के बदमाशों पर दर्जनों गंभीर आपराधिक मामले दर्ज है। अब पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। पुलिस को चोरी, लूट सहित अनेक आपराधिक वारदातों का खुलासा होने की उम्मीद है।

कुचामन के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेमीचंद खारिया ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस गैंग का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि गत दोनों कुचामन शहर के एक घर के ताले तोड़कर इन चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। यह चोर इस मकान से सोने चांदी के आभूषण, चांदी के बर्तन सहित नगदी चुरा कर ले गए थे। साथ ही घर में लगे सीसीटीवी कैमरा की डीवीआर मशीन भी उठाकर ले गए थे। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू की और आसपास लगे 100 से अधिक सीसीटीवी कैमरे चेक किए। इस दौरान वारदात में एक कार में सवार चार-पांच व्यक्तियों द्वारा चोरी करने का इनपुट सामने आया, जिस पर पुलिस ने चोरों की सघन तलाश की। पुलिस ने पेशेवर चोरों के साथ ही संदिग्ध और स्थानीय लोगों पर भी नजर रखी। इस दौरान सुरसुरा निवासी मुन्ना नामक एक व्यक्ति से जब पूछताछ की गई तो उसने चोरी की वारदात में शामिल होने की बात स्वीकारी। साथ ही अपने अन्य साथियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने कुचामन निवासी आसिफ उर्फ आसू को गिरफ्तार कर लिया। वहीं अजमेर की सेंट्रल जेल में बंद एक अन्य आरोपी प्रवीण कुमार को भी प्रोडक्शन वारंट पर गिरफ्तार कर लिया। इसके अलावा इन चोरों से चोरी का माल खरीदने वाले ब्यावर निवासी ज्वैलर्स भरत सोनी को भी गिरफ्तार किया गया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पुलिस की जांच में सामने आया है कि आरोपी दिन में सुने और बंद मकान की रेकी करते थे और रात को अपने साथियों को बुलाकर चोरी को अंजाम देते थे। उसके बाद माल को अपने साथियों के साथ भेज कर दिन में फिर से अपने काम धंधे पर चले जाते हैं, ताकि किसी को कोई शक नहीं हो। दिन के समय रेकी करते हुए सीसीटीवी कैमरा से बचने के लिए मुंह पर गमछा लपेट लेते थे और अपनी चाल भी बदल लेते थे, ताकि सीसीटीवी फुटेज में कोई इन्हें पहचान नहीं सके। अगर घर में भी सीसीटीवी कैमरे लगे होते हैं, तो उनकी डीवीआर मशीन खोलकर साथ ले जाते और सुनसान जगह फेंक देते। वारदात के समय अपने मोबाइल फोन भी घर पर ही छोड़ देते थे, ताकि घटनास्थल पर उनकी लोकेशन का पता नहीं चल सके। घटना के बाद बदमाश मुख्य रास्तों से नहीं जाकर अलग-अलग रास्तों और टोल नाकों को छोड़ते हुए अपने ठिकाने तक पहुंचते थे।

# प्रसूता की मौत के बाद चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई की मांग

- सरगरा समाज ने धरना प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा
- घटना के दूसरे दिन डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था, अभी तक कार्रवाई नहीं हुई

**जालोर, (कासं)।** जालोर के मातृ एवं स्वास्थ्य शिशु चिकित्सालय जालोर में गत दिनों प्रसूता की मौत के बाद चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई नहीं होने पर मंगलवार को सरगरा समाज ने आक्रोश जताकर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन किया। वहीं सड़क पर जाम लगार मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर डॉ. प्रदीप के .गावंडे को ज्ञापन सौंपा।

जालोर के एमसीएच हॉस्पिटल में गत दिनों खुशबु सरगरा की प्रसव के दौरान मौत होने पर मृतक महिला के परिजनों ने आरोप लगाया कि डॉक्टर ने मौत होने के बाद रेफर कर गुमराह किया। प्रसूता की मौत हॉस्पीटल में होने के बाद परिजनों को गुमराह करते हुए प्रसूता को आगे रैफर किया गया। कुछ दूरी जाने के बाद आहोर हॉस्पिटल में प्रसूता को चैकअप करने पर वह मृत घोषित होने के बाद परिजन पुनः जालोर हॉस्पीटल लेकर आये तथा हॉस्पिटल में चिकित्सक कमला भारती पर लापरवाही का आरोप लगाकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाइ करने को लेकर हंगामा कर दियाा जिसके बाद प्रसूता की मौत को लेकर जांच कमेटी का गठन किया गयाा, लेकिन जांच कमेटी ही चिकित्सक स्टॉफ होने से आज दिन तक कोई जांच रिपोर्ट तक प्रस्तुत नहीं करने पर सरगरा समाज का मंगलवार को आक्रोश फूटा और कलेक्ट्रेट के समक्ष एकत्रित होकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाइ की मांग को लेकर नारेबाजी करने लगे।

परिजनों ने बताया कि घटना के दूसरे दिन डॉक्टर के खिलाफ कोतवाली थाने में मामला दर्ज कराया गया था और सीएमएचओ ने तीन दिन में जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया था, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई।

सीएमएचओ के तीन दिन आश्वासन देने के बाद भी प्रसूता की मौत को लेकर गठित कमेटी द्वारा जांच रिपोर्ट नही देने से सरगरा समाज में आक्रोश फैल गया। वहीं कलेक्टर को ज्ञापन देने के लिए जाते समय सरगरा समाज ने जिला कलेक्टर को बाहर आकर ज्ञापन लेने के लिए मांग करने लगे, लेकिन जिला कलेक्टर के बाहर नहीं आने पर नाराज समाज के लोगों ने आहोर चौराहे से अस्पताल जाने वाली सड़क को करीब आधे घंटे तक जाम कर दिया और जमकर प्रदर्शन किया। पुलिस ने समझाइश कर लोगों को शांत कराया, लेकिन उन्होंने कहा कि जब तक डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी, तब तक धरना जारी रखेंगे।

मृतक महिला के जेठ जेठाराम ने बताया कि सियाणा के चांदणा निवासी खुशबु पत्नी जितेन्द्र कुमार सरगरा के डिलीवरी के समय दर्द होने पर जिला मुख्यालय स्थित एमसीएस हॉस्पिटल लेकर आए थे। जहां मौजूद महिला डॉ. कमला भारती ने उसका इलाज शुरू किया। डॉक्टर ने कहा था कि शाम सात बजे तक डिलीवरी हो जाएगी और इलाज शुरू कर दिया। शाम तक डॉक्टर कहती रही कि सब कुछ नॉर्मल है। डिलीवरी भी नॉर्मल हो जाएगी। जिसके बाद शाम होते-होते डॉक्टर कमला ने कहा कि ऑपरेशन करना पडेगा। परिजनों ने इसकी सहमति दे दी।

करीब रात आठ बजे डॉ. कमला भारती खुशबू को ऑपरेशन थिएटर ले गई। इसके बाद बाहर से बेहोशी (एनेस्थीसिया) के लिए इंजेक्शन मंगवाए। एक के बाद एक दो इंजेक्शन खुशबू को लगा दिए। इंजेक्शन लगाने के बाद उसकी तबीयत बिगड़ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। जिसकी डॉक्टर ने हमें कोई जानकारी नहीं दी और रात नौ बजे पाली रेफर कर दिया। खुशबू की धड़कन नहीं चल रही थी। परिजनों ने कहा कि खुशबू हिल-डुल भी नहीं रही थी। इस पर कमला भारती ने कहा कि बेहोशी के इंजेक्शन लगे हैं, इसलिए नहीं हिल रही है। इसे पाली ले जाओ। परिजन एंबुलेंस से रात 9.30 बजे पाली के लिए रवाना हुए। जालोर से 20 किलोमीटर चलने के बाद प्रसूता को आहोर के प्राइवेट हॉस्पिटल में चेक कराया, जिसमें डॉक्टर ने बताया कि उसकी एक घंटे पहले मौत हो चुकी थी। सरगरा समाज ने ज्ञापन सौपकर चिकित्सक के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की गई। इस दौरान काफी संख्या में सरगरा समाज के लोग मौजूद रहे।

# माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कॉपी चैकिंग मामले में चार टीचर सस्पेंड

- स्वयं के बजाय इन्टर्न से कॉपी चैक करवाई, महिला लेक्चरर ने देखा तो फोटो वीडियो वायरल किए

**बीकानेर, (निसं)।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की कॉपी जांच के प्रति सरकारी स्कूल के टीचर्स कितनी गंभीरता बरतते हैं, इसके कई उदाहरण पिछले दिनों सामने आया। इस पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक आशीष मोदी ने गंभीर कार्रवाई करते हुए चार टीचर्स को सस्पेंड कर दिया है। इनमें किसी ने स्वयं को आवंटित कॉपी अस्थायी टीचर्स को जांचने के लिए सौंप दी तो किसी ने इसी का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भेज दिया। इतना ही नहीं कुछ टीचर्स तो कॉपी की जांच का कुछ काम अपने परिजनों को सौंप दिया। कॉपी के वीडियो तक सोशल मीडिया पर डाल दिए गए। माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की रिपोर्ट पर निदेशालय ने निलंबन की कार्रवाई की है।

निदेशालय की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक बोर्ड की दसवीं क्लास की 2025 परीक्षा के गणित विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के संबंध में ओमप्रकाश सैनी, वरिष्ठ अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, रेलवे स्टेशन, अलवर को आवंटित की गई। परीक्षक द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन सुरक्षित एवं गोपनीय रूप से नहीं कर इन्टर्न कर रहे छात्रों के समक्ष खुली छोड़कर अन्यत्र चले जाने से इसी विद्यालय की हिन्दी साहित्य की व्याख्याता मीनाक्षी अरोड़ा ने उत्तर पुस्तिकाओं की फोटो खींचकर मीडिया में दे दी। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन गोपनीय रूप से नहीं किये जाने एवं कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही पूर्वक किये गये कृत्य के कारण जांच में दोषी पाये जाने पर मीनाक्षी अरोड़ा, व्याख्याता एवं ओमप्रकाश सैनी वरिष्ठ अध्यापक को तत्काल निलम्बित कर दिया गया।

इसी प्रकार माध्यमिक परीक्षा 2025 के संस्कृत विषय की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए भवरूद्दीन, वरिष्ठ अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बागोट, डीडवाना-कुचामन को आवंटित की गई। परीक्षक ने अपने साथी प्रदीप कुमार शर्मा, अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, निम्बड़ी, मकराना का सहयोग लिया। प्रदीप कुमार शर्मा ने अपने पिता से भी केजिंग करवाई गई। उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन गोपनीय रूप से नहीं किये जाने एवं कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही पूर्वक किये गये कृत्य के कारण जांच में दोषी पाये जाने पर भवरूद्दीन, वरिष्ठ अध्यापक एवं श्री प्रदीप कुमार शर्मा, अध्यापक को तत्काल निलम्बित कर दिया गया।

संस्कृत की कॉपी किराना की दुकान पर चैक हो रही थी। इसका वीडियो भी बनाया गया। इसी वीडियो के आधार पर कार्रवाई की गई है। माध्यमिक परीक्षा संस्कृत विषय की 366 उत्तर पुस्तिकाऐ शाला दर्पण पर पंजीकृत शिक्षक भवरूद्दीन, वरिष्ठ अध्यापक, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, बागोट, डीडवाना-कुचामन को आवंटित की गई थी। मामले की शिकायत मिलने पर जिला शिक्षा अधिकारी ने जांच की, जिसमें पता चला कि कॉपी चैक करने के बजाय भवरुदीन ने ये कॉपी प्रदीप कुमार शर्मा, राउ माध्यमिक विद्यालय, निम्बड़ी, मकराना को दे दी। कॉपी चैक के बाद उसके पिता भी कॉपी पर काम करते वीडियो में नजर आ रहे हैं। जांच में सामने आया है कि चारों टीचर्स ने गोपनीयता भंग करने का काम किया। किसी ने कॉपी रिकार्ड पर ली और बाद में चैक करने के लिए दूसरे साथी को दे दी। किसी भी कॉपी को आगे नहीं दिया जा सकता। इसी तरह कॉपी को खुला छोड़ने की शिकायत करने के बजाय महिला टीचर ने उसका फोटो और वीडियो मीडिया को दिया लेकिन अपने विभाग को सूचना नहीं दी। ऐसे में प्रकरण के संबंध में प्रमाण देने वाली टीचर पर भी कार्रवाई की गई है।

# सौ मॉडल तालाबों का चयन कर गहरा कराने का कार्य कराने वाला पहला जिला बना डूंगरपुर

**डूंगरपुर।** दक्षिणी राजस्थान के आदिवासी बहुल डूंगरपुर जिले ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "जल है तो कल है" के मूल मंत्र को अंगीकार करते हुए जिले के 100 मॉडल तालाबों का चयन कर उन्हें गहरा कराने एवं साफ सफाई तथा सौन्दर्यकरण का कार्य हाथ में लिया है। ऐसा करने वाला डूंगरपुर राजस्थान का पहला जिला है।

स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम के प्रदेश समन्वयक के.के. गुप्ता की पहल पर जिला कलेक्टर अंकित कुमार सिंह द्वारा शुरू कराई जल क्रान्ति की इस अनूठी मुहिम के अन्तर्गत जिले की दस पंचायत समितियों के प्रत्येक ब्लॉक में दस-दस तालाबों का चयन कर उन्हें गहरा कराने का काम शुरू कर दिया गया है। जिले के 100 तालाबों की गहराई बढ़ने से मानसून की वर्षा में इनमें अधिक पानी का संचय हो सकेगा तथा डूंगरपुर जिले में शुरू किया गया जलक्रांति का यह शंखनाद पूरे प्रदेश के लिए एक आदर्श मॉडल बनेगा। जल संचय की इस अनूठी मुहिम को धरातल पर लाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी हनुमान सिंह राठौड़ ने जिले के ग्राम पंचायत क्षेत्रों में पड़ने वालों तालाबों की साफ़ सफाई और उनमें जमी मिट्टी को बाहर निकाल कर उन्हें गहरा करने के लिए मनरेगा के श्रमिकों को लगाया गया है और कार्य की निगरानी के लिए प्रभारी अधिकारी भी नियुक्त किए गए है। इस साल मानसून की मेहर रही तो डूंगरपुर जिले की यह मेहनत ऐसा रंग लाएगी कि देश विदेश में यह एक बेजोड़ उदाहरण बन जाएगी।



स्वच्छ भारत मिशन एसबीएम के प्रदेश समन्वयक के.के. गुप्ता ने डूंगरपुर जिले के दोवड़ा ब्लाक में चयनित दोवड़ा, फलौज एवं पगारा पंचायत के मॉडल तालाब का निरीक्षण किया

- स्वच्छ भारत मिशन के प्रदेश समन्वयक के.के. गुप्ता की पहल पर कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने जल क्रान्ति की अनूठी मुहिम शुरू कराई

राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप एक बार फिर डूंगरपुर जिले में जल संचय का बीडा उठाया गया है। जिले के दस ब्लाक में चयनित सौ तालाबों की जलभराव क्षमता बढ़ाने जलआवक मार्गो से अवरोध हटाएं जा रहे है, तालाब की डिसल्टिंग की जा रही है। झांडियों की कटाई, पालों की मरम्मत और सौंदर्यकरण के कार्य किए जा रहे हैं।

एसबीएम के प्रदेश समन्वयक के.के. गुप्ता ने डूंगरपुर जिले के दोवड़ा ब्लाक में चयनित दोवड़ा, फलौज एवं पगारा पंचायत के मॉडल तालाब का निरीक्षण किया और इनमें चल रहे कार्यो और तालाबों की बदलती तस्वीर पर संतोष जताया। गुप्ता ने अधिकारियों और कार्मिकों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जल संचय के लिए बहाया जा रहा यह पसीना व्यर्थ नहीं जाएगा। उन्होंने वेलडन कहकर सभी की सराहना की और उन्होंने प्रशासन की कार्यशैली की सराहना की।

गुप्ता ने जन साधारण से अपील की है कि वे जिले के तालाबों की गहराई बढ़ाने और उनका सौंदर्यकरण करने की इस पवित्र मुहिम में एक दिन का श्रमदान कर अपना योगदान प्रदान करें और अपनी क्षमता अनुरूप तालाब की डिसल्टिंग (मिट्टी निकालने) कार्य में हाथ बढ़ाएं। साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जल संचय अभियान को अपना अभियान बना कर सफल बनाएं। मानसून के दौरान यह तालाब जल संचय का संगीत सुनाएंगे और जनजीवन और पशुओं के लिए पर्याप्त पानी की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। गुप्ता द्वारा किए निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त विकास अधिकारी गिरीश कलाल, सहायक अभियंता पुनमचंद मेघवाल, दयाशंकर परमार, जेटीए कीर्ति वैष्णव, ग्राम विकास अधिकारी प्रेमशंकर परमार सहित मेट एवं ग्रामीण मौजूद थे।

# नीट छात्रा की आत्महत्या का मामला : जान देने के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज

- परिजनों के अनुसार बालिका कुछ मानसिक रूप से भी परेशान थी और उसकी दवाइयां भी चल रही थी
- छात्रा ने किसी युवक से बात करते हुए ही घटना को अंजाम दिया था, मृतक छात्रा के परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव ले जाना चाहते थे

**कोटा, (निसं)।** जम्मू-कश्मीर से कोटा आकर मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तैयारी कर रही छात्रा की आत्महत्या का मामला 25 मई को सामने आया था। इस मामले में कोटा की महावीर नगर थाना पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया है।

थानाधिकारी महावीर नगर रमेश कविया ने बताया कि घटनाक्रम के बाद छात्रा के शव को मेडिकल कॉलेज के नए अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया था। परिजनों को भी संबंध में सूचना दी गई थी। परिजन मंगलवार सुबह कोटा पहुंचे। उन्होंने आत्महत्या के संबंध में शिकायत दी है। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देशों के अनुसार इस मामले में भी भारतीय न्याय संहिता की धारा 108 के तहत आत्महत्या के लिए उकसाने का प्रकरण दर्ज किया जाएगा। जानकारी के अनुसार छात्रा ने किसी युवक से बात करते हुए ही घटना को अंजाम दिया था। मृतक छात्रा के परिजन बिना पोस्टमार्टम के शव ले जाना चाहते थे। वह जम्मू-कश्मीर से आने के पहले भी यह बात कर चुके थे। कोटा पहुंचने के बाद भी पुलिस से उन्होंने यही बात कही थी। हालांकि सुप्रीम कोर्ट के हाल ही में दिए दिशा-निर्देश का हवाला देते हुए पुलिस ने पोस्टमार्टम को जरूरी बताया। परिजनों से समझाइश की। इसके बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम में सहमति दी है।

महावीर नगर थानाधिकारी रमेश कविया ने बताया कि परिजनों के अनुसार बालिका कुछ मानसिक रूप से भी परेशान थी और उसकी दवाइयां भी चल रही थी। सुप्रीम कोर्ट के दिशा निर्देश अनुसार हमने मुकदमा दर्ज किया। उसके बाद ही पूरा क्लियर हो पाएगा।

# नाबालिग से अश्लील हरकतें

**अजमेर, (कासं)।** नसीराबाद रेलवे स्टेशन पर एक नाबालिग बालिका के साथ अश्लील हरकतें और जबरदस्ती का प्रयास करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता के पिता की शिकायत पर नसीराबाद सिटी थाने में पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गई है।

- पीड़िता के पिता की शिकायत पर पॉक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज हुआ

जानकारी के अनुसार पीड़ित पिता ने बताया कि उनकी नाबालिग पुत्री कोचिंग करती है। वह गत 21 मई को सांवरिया सेठ और चित्तौड़गढ़ से दर्शन कर लौट रही थी। नसीराबाद रेलवे स्टेशन पर सुबह जब वह उतरी तब एक परिचित युवक उसे मिला और बातचीत करते हुए बहला-फुसलाकर एकांत स्थान पर ले गया। वहां उसने अश्लील हरकतें करते हुए जबरदस्ती का प्रयास किया। जब नाबालिग ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे धमकाया कि यदि उसने किसी को बताया तो उसका जीना मुश्किल कर देगा। पीड़िता के अनुसार आरोपी युवक के साथ उसके दो अन्य साथी भी मौजूद थे। जब बालिका घर पहुंची तो उसकी गर्दन पर नाखून के निशान देखकर परिजनों को संदेह हुआ। पूछताछ करने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई। इसके बाद जब परिजनों ने आरोपी को फोन कर बात की तो उसने लड़की को उठा ले जाने की धमकी दी। इतना ही नहीं उसके साथियों ने भी फोन पर गाली-गलौच कर धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधवा के घर से 5.50 लाख की नगदी और जेवर चोरी



वारदात के बाद संदूक घर से लगभग 500 मीटर दूर खेत में मिली, जिसके ताले और कुंदे टूटे हुए थे।

- महिला की चार बेटियों की शादी अगले महीने प्रस्तावित थी, जिसके लिए उसने रकम व जेवर घर में रखे थे
- महिला संती देवी ने बताया कि यह रकम बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मिले बीमा क्लेम से प्राप्त हुई थी

**नारायणपुर, (निसं)।** नारायणपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नांगलहेडी में बीती रात अज्ञात चोरों ने एक विधवा महिला के घर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। महिला की चार बेटियों की शादी अगले महीने प्रस्तावित थी, जिसके लिए उसने बेटे के सड़क दुर्घटना में मौत के बाद प्राप्त बीमा क्लेम से बैंक से निकाली गई रकम व जेवर घर में रखे हुए थे।

पीड़िता संती देवी पत्नी स्व. झूथाराम गुर्जर ने बताया कि वह अपनी तीन बेटियों के साथ बैठक के कमरे में कूलर चलाकर सोई हुई थी। इसी दौरान चोरों ने घर के पिछले हिस्से की दीवार में लगी सीमेंट की जाली को तोड़कर घर में प्रवेश किया। चोरों ने दो संदूकों के कुंदे तोड़कर उनमें रखे करीब 5.5 लाख रुपये नकद और 1.5 किलो चांदी के जेवर जिनमें पायजेब, हंसली, चेन, अंगूठी, पौछी आदि चोरी कर फरार हो गए। सुबह करीब छह बजे जब संती देवी की नींद खुली तो घर के मुख्य दरवाजे की कुंडी अंदर से लगी मिली। संदेह होने पर पीछे जाकर देखा तो खिड़की की जाली टूटी हुई थी। जांच करने पर एक संदूक गायब मिली और दूसरी संदूक टूटी हुई मिली। महिला ने तत्काल आस-पास के लोगों को सूचित किया और नारायणपुर थाने में सूचना दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना किया। खोजबीन के दौरान एक संदूक घर से लगभग 500 मीटर दूर खेत में मिली, जिसके ताले और कुंदे टूटे हुए थे। संती देवी ने बताया कि यह रकम और जेवर उनके बेटे की सड़क दुर्घटना में मौत के बाद मिले बीमा क्लेम से प्राप्त हुए थे, जिन्हें उन्होंने चार बेटियों की शादी के लिए सहेजकर रखा था। अब यह पूरी पूंजी चोरी हो जाने से वे बेहद सदमे में हैं। पीड़िता एक गरीब विधवा महिला हैं और परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। उन्होंने प्रशासन से न्याय की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# आबकारी विभाग के दो कर्मचारियों ने नाबालिग से कुकर्म किया

## बताया जा रहा है कि आरोपी तीन दिन से बच्चे का शोषण कर रहे थे

**अनूपगढ़, (निसं)।** श्रीगंगानगर आबकारी विभाग के दो कर्मचारियों के नाबालिग से कुकर्म का मामला सामने आया है। बच्चे ने घटना की जानकारी परिवार को दी। गुस्साए परिवार और पड़ोसियों ने एक्साइज ऑफिस में हंगामा कर दिया। भीड़ ने एक आरोपी को पीट दिया, जबकि दूसरा आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना सोमवार रात आठ बजे अनूपगढ़ के आबकारी निरोधक दल के ऑफिस की है। बताया जा रहा है कि आरोपी तीन दिन से बच्चे का शोषण कर रहे थे।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि पीडित नाबालिग अपने दोस्तों के साथ प्राचीन गढ़ क्षेत्र में क्रिकेट खेलने जाता था, जहां आबकारी निरीक्षक दल का भी ऑफिस है। इसी दौरान आबकारी निरोधक दल के सिपाही प्रताप सिंह और प्राइवेट ऑपरेटर देवीलाल बीते 3 दिनों से उसके साथ मारपीट कर कुकर्म कर रहे थे। रात को भी दोनों आरोपियों ने नाबालिग से मारपीट कर बारी-बारी से कुकर्म किया।

परिजनों ने बताया कि बच्चे को आरोपी डराया-धमका रहे थे, इसी कारण उसने किसी को कुछ नहीं बताया। दर्द से तड़पता हुआ पीड़ित रात करीब आठ बजे रोता हुआ घर पहुंचा। बार-बार पूछने पर भी वह कुछ बताने को तैयार नहीं था, लेकिन हिम्मत कर उसने घटना के बारे में बताया। इसके बाद परिजन, पड़ोसी और अन्य स्थानीय लोग आबकारी कार्यालय पहुंच गए। भीड़ को आता देख एक कार्मिक मौके से फरार हो गया।

एसएचओ ईश्वर जांगिड़ ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया जा चुका है और पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है। इससे पहले मारपीट की सूचना पर रात 11 बजे पुलिस एक्साइज ऑफिस पहुंची थी। भीड़ से घिरे आरोपी को पुलिसकर्मियों ने बड़ी मुश्किल से छुड़ाया। रात को ही परिवार की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया गया। वहीं, बीकानेर आबकारी जोन के एडिशनल कमिश्नर रियाजुद्दीन उस्मानी ने मामले की जांच के निर्देश दिए हैं।



मैं अगले सीजन चेन्नई में वापसी कर कर सकता हूं। चेन्नई का आईपीएल 2025 में अच्छा प्रदर्शन नहीं रहा। ये टीम इस सीजन में सिर्फ चार ही मैच जीत सकी और प्लेऑफ में नहीं जा सकी। - सुरेश रैना

भारतीय बल्लेबाज, मैच के दौरान कॉमेंट्री करते हुए वापसी के संकेत दिये।




आज का खिलाड़ी

## सूर्यकुमार यादव



**मुंबई इंडियंस** के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सूर्यकुमार यादव के नाम है। सूर्यकुमार यादव ने जारी सीजन में 14 पारियों में 640 रन बनाए हैं। वह आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार ने जारी सीजन में पांच अर्धशतक लगाए हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई इंडियंस के लिए 2010 में एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने 618 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के पूर्व बल्लेबाज सचिन का ये रिकॉर्ड 15 साल तक कायम रहा।

**क्या आप जानते हैं ?...** आईपीएल में फास्टेस्ट शतक का रिकॉर्ड क्रिस गेल के नाम है, जिन्होंने 2013 बेंगलुरु में पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ खेलते हुए महज 30 गेंदों में सेंचुरी ठोकी थी।

# पंत ने बिखेरी चमक मगर जीत के साथ आरसीबी शीर्ष दो पर





लखनऊ, 27 मई। रिषभ पंत (118 नाबाद) के शानदार शतक पर विराट कोहली (54) और कप्तान जितेश शर्मा (85) के अर्धशतक भारी पड़ गये जिसके चलते रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मुकाबले में लखनऊ सुपर जायंट्स को आसानी से छह विकेट से हरा कर अंकतालिका में शीर्ष दो टीमों में अपनी जगह पक्की कर ली। अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम पर एलएसजी ने पहले खेलते हुये तीन विकेट पर 227 रन बनाये जिसके जवाब में आरसीबी ने विजय लक्ष्य आठ गेंद शेष रहते चार विकेट खोकर हासिल कर लिया।

बेंगलुरु के लिये विराट कोहली ने फिल साल्ट (30) के साथ तेज शुरुआत की और दोनो ने पहले पॉवर प्ले में दस से ऊपर के रन औसत से 61 रन बना लिये थे मगर साल्ट छठे ओवर में आकाश सिंह का शिकार बन कर पवेलियन लौट गये। उधर कोहली ने रन रफ्तार कम नहीं होने दी मगर वह भी अपना अर्धशतक पूरा होने के बाद ज्यादा समय तक क्रीज पर नहीं टिक सके और आवेश खान की गेंद पर आउट हो गये। इससे पहले विलियम ओरूर्क ने रजत पाटीदार (14) और लियम लिविंगस्टन (0) को लगातार दो गेंदो पर आउट कर एलएसजी की उम्मीदों को हवा दी मगर जितेश शर्मा ने मंयक अठावाल (41) के साथ मिल कर अपनी टीम को जीत दिला दी। जितेश ने अपनी मैच जिताऊ पारी के दौरान मात्र 33 गेंदो पर आठ चौके और छह छक्के लगाये जबकि दूसरे छोर पर मयंक ने 23 गेंदों की पारी में पांच चौके जड़े।

इससे पहले पंत और मिचेल मार्श (67) ने 152 रनों की बेहतरीन साझीदारी कर इकाना के मैदान पर एलएसजी का सबसे बड़ा स्कोर बनाया। इंग्लैंड दौरे से पहले पंत का फार्म में लौटना भारतीय खेमे के लिये सुखद अहसास लेकर आया है। आईपीएल के मौजूदा सत्र के सबसे मंहगे खिलाड़ी रिषभ का बल्ला एक मैच को छोड़कर अब तक पूरे टूर्नामेंट में शांत रहा था मगर मैथ्यू ब्रीत्ज़के (14) के जल्द आउट होने के बाद क्रीज पर आये पंत के तेवर आज आक्रामक थे। उन्होने मैदान पर आते ही मैदान के चारों ओर शानदार चौकों और छक्कों की बरसात शुरु कर दी और देखते ही देखते उन्होने मौजूदा आईपीएल सत्र में अपना दूसरा अर्धशतक 29 गेंदों पर सुयश शर्मा को सीमा रेखा के पार पहुंचा कर किया।

## पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने भाला फेंक स्पर्धा में जीते स्वर्ण पदक



नॉटविल (स्विट्जरलैंड), 27 मई। भारतीय पैरा एथलीट सुमित अंतिल और महेंद्र गुर्जर ने विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धाओं की दो श्रेणियों में स्वर्ण पदक जीते। भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) से प्राप्त जानकारी के अनुसार पैरालिंपिक में दोहरा स्वर्ण पदक जीतने वाले सुमित अंतिल ने नॉटविल वर्ल्ड पैराएथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 में पुरुष एफ 64 श्रेणी में 72.35 मीटर भाला फेंक कर में शीर्ष स्थान हासिल किया। महेन्द्र गुर्जर ने एफ 42 वर्ग में 61.17 मीटर भाला फेंक कर विश्व रिकॉर्ड बनाने के साथ स्वर्ण पदक जीता है। उन्होंने शुरुआती दो प्रयास 56.11 और 55.51 मीटर भाला फेंका। उल्लेखनीय है कि स्विट्जरलैंड के नॉटविल में 23 से 26 मई तक विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रैंड प्रिक्स 2025 का आयोजन किया गया था।

## नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मैग्नस कार्लसन ने डी. गुकेश को हराया

स्टावेंजर (नॉर्वे), 27 मई। नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में भारतीय ग्रैंड मास्टर डी गुकेश को मैग्नस कार्लसन से हार का सामना करना पड़ा। वहीं, महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू को हराकर दिन की शुरुआत की। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन ने सफेद मोहरों के साथ खेलते हुए नॉर्वे शतरंज के पहले दौर में मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश को हराया और चार घंटे से अधिक समय तक चले मैच में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन करते हुए पूरे तीन अंक हासिल किए। यह मुकाबला 55 चालों के बाद समाप्त हुआ, जिसमें कार्लसन ने भारतीय खिलाड़ी की एक चूक का फायदा उठाते हुए मैच अपने पक्ष में कर लिया। महिला वर्ग में भारत की हम्पी कोनेरू ने वैशाली रमेशबाबू के खिलाफ निर्णायक जीत दर्ज की। हम्पी ने शांत और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए अंतिम चरण में वैशाली की गलती का फायदा उठाते हुए जीत हासिल की। अमेरिका के हिकारू नाकामुरा और फैबियानो कारुआना के बीच रोमांचक मुकाबला हुआ। खेल के दौरान नाकामुरा ने ड्रॉ का प्रस्ताव रखा, लेकिन कारुआना ने काले मोहरों से खेलते हुए मुकबला जीत लिया। वेई यी और अर्जुन एरिगैसी के बीच हुआ मुकाबला ड्रॉ रहा। इसके बाद 'आर्मागेडन' नामक शानदार खेल में अर्जुन ने वेई यी के दबाव से निकलते हुए जीत दर्ज की।

## ड्रीम यूटीटी जूनियर्स टूर्नामेंट कल अहमदाबाद में होगा शुरू

अहमदाबाद, 27 मई। ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन (डीएसएफ) और अल्टीमेट टेबल टेनिस (यूटीटी) के सहयोग से अहमदाबाद में 29 मई से शुरु होने वाले ड्रीम यूटीटी जूनियर टूर्नामेंट में आठ टीमों के 16 खिलाड़ी खेलेंगे। अहमदाबाद के ईकेए एरिना में होने 29 मई से आठ जून तक होने वाले इस अंडर-15 टेबल टेनिस टूर्नामेंट में देश भर के 16 प्रतिभाशाली खिलाड़ी अपना प्रदर्शन करेंगे। इनमें आठ-आठ लड़के और लड़कियों के वर्ग खिलाड़ी है। इन खिलाड़ियों को आठ फ्रेंचाइजी में जगह दी गई है। यह टूर्नामेंट 11 दिनों तक चलेगा। इसमें पहले ग्रुप चरण के मुकाबले खेले जायेगे। सेमीफाइनल सात जून और फाइनल आठ जून को खेला जायेगा।

## क्वालीफायर-एलिमिनेटर मुकाबलों पर तेज बारिश का साया

चंडीगढ़, 27 मई। चंडीगढ़ के पास बने मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ मुकाबलों पर बारिश का खतरा मंडरा रहा है। चंडीगढ़ में मौसम विभाग के डायरेक्टर सुरिंदर पॉल ने अनुमान जताया है कि 29 और 30 मई को यहां बारिश के साथ तेज हवा भी चलेगी। इसका असर चंडीगढ़, पंजाब और हरियाणा में दिखाई देगा। समस्या यह है कि मुल्लांपुर स्टेडियम में इंडियन प्रीमियर लीग के प्लेऑफ मुकाबले भी 29 और 30 मई को ही खेले जाने हैं। मौसम विभाग की इस चेतावनी पर पंजाब क्रिकेट एसोसिएशन का कहना है कि उनकी ओर से दोनों मैचों की पूरी तैयारी है। दोनों दिनों में बारिश कैसी होती है, इस पर उनकी नजर रहेगी। बता दें कि 22 मार्च से चल रहा इंडियन प्रीमियर लीग टूर्नामेंट अब अपने अंतिम चरण में है, 28 मई को कोई मैच नहीं है। क्वलीफायर-1 और एलिमिनेटर मुकाबले मुल्लांपुर क्रिकेट स्टेडियम में होने हैं। हालांकि, इनमें कौन सी टीमें भिड़ेंगी, इसका फैसला आज के मैच के बाद होगा।

## सूर्यकुमार यादव एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने

मुंबई, 27 मई। मुंबई इंडियंस के लिए एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड सूर्यकुमार यादव के नाम है। सूर्यकुमार यादव ने जारी सीजन में 14 पारियों में 640 रन बनाए हैं। वह आईपीएल 2025 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज बन गए हैं। सूर्यकुमार ने जारी सीजन में पांच अर्धशतक लगाए हैं। महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने मुंबई इंडियंस के लिए 2010 में एक सीजन में सबसे ज्यादा रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने 618 रन बनाए थे। मुंबई इंडियंस के पूर्व बल्लेबाज सचिन का ये रिकॉर्ड 15 साल तक कायम रहा। आईपीएल 2025 में भी सूर्यकुमार यादव ने एक सीजन में मुंबई के लिए सबसे ज्यादा रन बनाए थे।

### आईपीएल 2025 फाइनल में गूंजेगा जय हिंद!

## बीसीसीआई ने तीनों सेना प्रमुखों और सैनिकों को भेजा निमंत्रण



नई दिल्ली, 27 मई। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव देवजीत सैकिया ने कहा कि तीनों सेनाओं के प्रमुखों, शीर्ष रैंक वाले अधिकारियों और सैनिकों को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के फाइनल के लिए निमंत्रण भेजा गया है, जो 3 जून को अहमदाबाद में होगा। आईपीएल का खिताबी मुकाबला 3 जून को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। भारत और पाकिस्तान के बीच सीमा पार तनाव के कारण टूर्नामेंट के चल रहे संस्करण को 9 मई को अस्थायी रूप से निलंबित कर दिया गया था, जिसमें पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर भी चलाया था।बीसीसीआई द्वारा यह कदम ऑपरेशन की सफलता का जश्न मनाने के उद्देश्य से उठाया गया है। सैकिया ने एएनआई को बताया कि हमने ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाने के लिए अहमदाबाद में होने वाले आईपीएल फाइनल के लिए सभी भारतीय सशस्त्र सेना प्रमुखों (जनरल उपेंद्र द्विवेदी, थल सेना प्रमुख, एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, नौसेना प्रमुख और एयर चीफ मार्शल अमर प्रीत सिंह, वायु सेना प्रमुख), शीर्ष रैंक के अधिकारियों और सैनिकों को आमंत्रित किया है। ऑपरेशन सिंदूर 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत की निर्णायक सैन्य प्रतिक्रिया थी। 7 मई को शुरू किए गए ऑपरेशन सिंदूर में जैश-ए-मोहम्मद, लश्कर-ए-तैयबा और हिजबुल मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठनों से जुड़े 100 से ज़्यादा आतंकवादी मारे गए। हमले के बाद, पाकिस्तान ने नियंत्रण रेखा और जम्मू-कश्मीर में सीमा पार से गोलाबारी की और साथ ही सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन हमलों का प्रयास किया, जिसके बाद भारत ने एक समन्वित हमला किया और पाकिस्तान के 11 एयरबेसों में रडार इंफ्रास्ट्रक्चर, संचार केंद्रों और हवाई क्षेत्रों को नुकसान पहुंचाया।

# देश-विदेश के सोलह खिलाड़ियों को सॉफ्ट हॉकी एक्सीलेंसी अवार्ड




जयपुर, 27 मई। एमेच्योर सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन ऑफ इंडिया और राजस्थान सॉफ्ट हॉकी एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय खिलाड़ियों के सम्मान समारोह में देश-विदेश के 16 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 'सॉफ्ट हॉकी एक्सीलेंसी अवार्ड' से सम्मानित किया गया।

समारोह जयपुर स्थित विधानसभा के कांस्टीट्यूशनल क्लब में संपन्न हुआ, जहां उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी और मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग ने खिलाड़ियों को सम्मानित किया। ये खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं तथा पहली सॉफ्ट हॉकी लीग में अपने उल्लेखनीय प्रदर्शन के लिए चयनित किए गए थे। सम्मान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों में सीनियर पुरुष वर्ग से 6, सीनियर महिला वर्ग से 5, जूनियर बालक वर्ग से 3 तथा जूनियर बालिका वर्ग से 2 खिलाड़ी शामिल हैं।

इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा में मुख्य सचेतक जागेश्वर गर्ग, राजदीपक रस्तोगी कुमार लाखोटिया, डॉ. एम.एल. स्वर्णकार, प्रो. अमरीका सिंह, डॉ. अनुराग तोमर, आईजी संदीप चौहान और पूर्व ओलंपियन गोपाल सैनी, पूर्व कुलपति जे पी शर्मा, चंद्रशेखर दुबे (भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष), राजेंद्र सिंह (भाजपा प्रबुद्धजन प्रकोष्ठ) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने इस नए प्रारूप की सराहना करते हुए कहा, जयपुर से शुरू हुआ यह खेल आज 18 देशों में खेला जा रहा है, जो गौरव का विषय है।

**'हर घर हॉकी' अभियान की घोषणा :** कार्यक्रम के दौरान फेडरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष पंत ने घोषणा की कि सॉफ्ट हॉकी को जन-जन तक पहुँचाने के लिए हर घर हॉकी अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत जयपुर शहर में एक लाख हॉकी स्टिक वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं, महासचिव रमेश सिंह ने बताया कि दूसरी सॉफ्ट हॉकी लीग की तिथि और कार्यक्रम की घोषणा जल्द ही की जाएगी।

**सम्मानित खिलाड़ियों की सूची**

**सीनियर पुरुष वर्ग:** योगेश कुमार बारघर, पुलकित केसरी, विशाल शाक्य, कार्तिक सोपान, प्रतीक पाराशर, मोहित मीणा।

**सीनियर महिला वर्ग:** रीना बालावत, लक्षिता महावर, बीना पांडे, कीर्ति, खुशबू कुमारी।

**जूनियर बालक वर्ग:** अमित सिंह, मनवीर सिंह, तनसुख।

**जूनियर बालिका वर्ग:** चन्द्रकला पांडे, आरती कंवर।

## सिंधु और प्रणय ने सिंगापुर ओपन के प्री-क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश



सिंगापुर, 27 मई। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू और पुरुष वर्ग में एचएस प्रणय ने सिंगापुर ओपन में मंगलवार को अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर टूर्नामेंट के प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है। आज यहां खेले गये महिला एकल वर्ग के मुकाबले में सिंधू ने कनाडा की वेन यु झांग को सीधे सेटों में हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। सिंधू ने 31 मिनट तक चले मुकाबले में झांग को 21-14, 21-9 से हराया। इसी के साथ भारतीय शटलर का पहले राउंड में हार का सिलसिला समाप्त हो गया।

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधू अगले दौर में मुकाबला टोक्यो ओलंपिक की स्वर्ण पदक विजेता चीन की यू फेई से होगा। पुरुष एकल में भारत के एचएस प्रणय ने डेनमार्क के रासमस गेम्के के खिलाफ वापसी करते हुए एक घंटे 12 मिनट में 21-19, 16-21, 14-21 से मुकाबला जीत लिया। एक घंटा 12 मिनट तक चले मुकाबले में पहला गेम हारने के बाद प्रणॉय ने शानदार वापसी करते हुए दोनों गेम में जीत हासिल करते हुए प्री-क्वार्टर में प्रवेश किया। इस बीच, हार के साथ मालविका बंसोड़ और अनमोल खरब का अभियान समाप्त हो गया। मालविका संघर्षपूर्ण मुकाबले में थाईलैंड की सुपनिदा कटेथोंग से 21-14, 18-21, 11-21 से हारी। जबकि अनमोल को चीन की चेन यूफेई से दूसरे गेम में करीबी हार मिली।

## गुलवीर सिंह ने 10 हजार मीटर में जीता स्वर्ण पदक

गुमी (दक्षिण कोरिया), 27 मई। भारतीय एथलीटों ने मंगलवार को एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2025 में एक स्वर्ण और एक कांस्य पदक जीते। दक्षिण कोरिया के गुमी में आयोजित चैंपियनशिप में भारतीय धावक गुलवीर सिंह ने पुरुषों की 10 हजार मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता और सर्विन सेबेस्टियन ने 20 किमी पदल चाल स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया। महिलाओं की भाला फेंक स्पर्धा में अन्नू रानी चौथे स्थान पर रहने के बाद 26वीं एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पोडियम स्थान से चूक गईं। पुरुषों की तीन हजार मीटर, पांच हजार मीटर और 10 हजार मीटर में भारतीय राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक गुलवीर ने गुमी में 10 हजार मीटर स्पर्धा 28:38.63 का समय के साथ स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं जापान के मेबुकी सुजुकी ने (28:43.84) समय के साथ रजत और बहरीन के अल्बर्ट किबिची रोप ने (28:46.82) समय के साथ कांस्य पदक जीता।

## इंग्लैंड की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास लिया



लंदन, 27 मई। इंग्लैंड महिला फुटबॉल टीम की गोलकीपर मैरी इयरप्स ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। इयरप्स ने स्विट्जरलैंड में लियोनेस में होने वाली यूरोपीय चैम्पियनशिप की शुरुआत से पांच सप्ताह पहले आज अपने संन्यास की घोषणा की है। इयरप्स ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर संन्यास की घोषणा करते हुए कहा कि यह मेरे लिए सही समय है कि मैं हट जाऊं और युवा पीढ़ी को आगे बढ़ने का मौका दूं। उन्होंने कहा कि 2022 में यूरो जीतना मेरे जीवन का सबसे अच्छा दिन था। उन्होंने कहा कि अपने देश का प्रतिनिधित्व करना सम्मान की बात है। काश मैं इसे हमेशा के लिए कर पाती, सभी अच्छी चीजों का अंत होना ही चाहिए। उन्होंने कहा कि मैं चाहती हूं कि इस बार फिर हमारी टीम ऐसा करे। इयरप्स ने इंग्लैंड के लिए आठ वर्षों में 53 सीनियर मैच खेले। इयरप्स को 2023 में बीबीसी स्पोर्ट्स पर्सनैलिटी ऑफ द ईयर चुना गया था। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में आयोजित 2023 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर के लिए गोल्डन ग्लव जीता था। उन्होंने 2022 और 2023 में सर्वश्रेष्ठ फीफा गोलकीपर का पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। इंग्लैंड फुटबॉल टीम की मैनेजर सरीना विगमैन ने कहा कि मुझे उम्मीद थी कि मैरी इयरप्स इस गर्मी में टीम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी, इसलिए उनके संन्यास की घोषणा से निश्चित रूप से मैं निराश हूं।

## पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) ने अरावली क्रिकेट क्लब को हराया




जयपुर, 27 मई । जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अनुराग मिश्रा स्मृति बी डिवीजन लीग के नॉक आउट मुकाबले में के एल सैनी स्टेडियम पर खेले गए पहले सेमी फाइनल मैच में पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) ने अरावली क्रिकेट क्लब को 58 रनों से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

पी एंड टी क्रिकेट क्लब (इंडिया पोस्ट) ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए नरेश गहलोत के 55 रन, रजत छपरवाल के 34 रन, सौरभ चौहान के 39 रन, अजीम अख्तर के 23 रन, भैरा राम के 85 रनों से 40 ओवर में 9 विकेट पर 267 रन बनाए। अरावली क्रिकेट क्लब के लिए जय गोयल ने 48 पर 2, देवेंद्र शर्मा ने 39 पर 2, शोभित मिश्रा, अमर सोनी व जुनेद अगवान ने एक - एक विकेट लिया।

जवाबी पारी में अरावली क्रिकेट क्लब ने शोभित मिश्रा के 28 रन, कुणाल सिंह के 45 रन, देवेंद्र शर्मा के 50 रन, जय गोयल के 16 रन हंसराज रोलानिया के 26 रन व रिषभ मोदी के 24 रनों से 40 ओवर में 9 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। पी टी क्रिकेट क्लब के लिए भैरा राम ने 44 पर 2, सुनील श्योराण ने 27 पर 2, चंद्र पाल सिंह ने 29 पर 2, रवि शर्मा, नरेश गहलोत व रजत छपरवाल ने एक - एक विकेट लिया। दूसरा सेमी फाइनल मैच यूनियन क्रिकेट क्लब व श्री भवानी निकेतन पब्लिक स्कूल के मध्य खेला जाएगा।

## रिन्डरकनेच को हराकर सिनर ने फ्रेंच ओपन में अपने अभियान की शुरुआत की

पेरिस, 27 मई। विश्व के नंबर एक खिलाड़ी टेनिस खिलाड़ी जैनिक सिनर ने फ्रांस के आर्थर रिंडरकनेच पर जीत दर्ज कर टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत की। कोर्ट फिलिप चैटरियर में सोमवार को तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के बाद अपना पहला ग्रैंड स्लैम मैच खेल रहे इटली के सिनर ने अपने फ्रांसीसी प्रतिद्वंद्वी रिंडरकनेच को 6-4, 6-3, 7-5 से हराया। दूसरे दौर में सिनर का मुकाबला फ्रांस के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी रिचर्ड गैस्केट से भिड़ेंगे। मैच के बाद सिनर ने कहा कि पहले दौर के मैच कभी भी आसान नहीं होते। मैं विशेषकर तीसरे सेट में इस स्थिति से निपटने के तरीके से बहुत खुश हूं। उसने सर्विस के दौरान कुछ गलतियाँ कीं, जिससे मुझे कुछ मदद मिली।

### 27वीं नवीन-नफीस ईनामी राशि लीग कम नॉकआउट क्रिकेट प्रतियोगिता

## रिहान व अभय के शतक व उमेश की गेंदबाजी से एसजे एकेडमी की आसान जीत



जयपुर, 27 मई। यूनियन क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित 27वीं नवीन-नफीस स्मृति क्रिकेट प्रतियोगिता में आज एस.जे. पब्लिक स्कूल क्रिकेट ग्राउण्ड, जयपुर पर खेले गये पूल-एफ के मैच में एस.जे क्रिकेट एकेडमी ने रिहान अली 105 रन व अमय शर्मा 102 रन नाबाद की शतकीय पारीयों तथा उमेश मीणा 9 रन पर 4 विकेट की शानदार गेन्दबाजी की बदोलत ईवेन्ट क्रिकेट एकेडमी को 146 रन से हराकर 2 अंक अर्जित किये।

टॉस जीतकर एस.जे क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुये रिहान अली 105 रन (60 गेन्द 13 चौके, 4 छक्के), अभय शर्मा 102 रन नाबाद (55 गेन्द, 14 चौके, 2 छक्के). पहले विकेट पर 18.2 ओवर में 200 रन की साझेदारी निभाकर धुँआदार बल्लेबाजी की और निर्धारित 20 ओवर में 1 विकेट खोकर 222 रन बनाये। गेन्दबाजी में ईवेन्ट एकेडमी की ओर से अमन यादव 41 रन पर 1 विकेट लेकर 1 मात्र सफल गेन्दबाज रहे।

जवाबी पारी में इवेन्ट एकेडमी की ओर से अरमान यादव 18 रन, कन्हैया शर्मा 14 रन, को छोडकर इवेन्ट एकेडमी का कोई भी बल्लेबाज उमेश मीणा 4 ओवर 9 रन 4 विकेट रजत 17 रन पर 2 विकेट, समर खान 7 रन पर 2 विकेट तथा उवेश राजपूत 4 रन पर 1 विकेट की गेन्दबाजी के समक्ष नहीं टिक सका और निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर मात्र 76 ही बना सकी। मैंच का मैन ऑफ दा मैच रिहान अली 105 रन एस जे स्कूल क्रिकेट एकेडमी रहे।

# खेल विभाग के सचिव नीरज के. पवन ने जांच प्रक्रिया पर लगाई रोक



जयपुर, 27 मई। राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन की एड-हॉक कमेटी के कन्वीनर जयदीप बिहाणी और कमेटी के चार सदस्यों के बीच चल रहा विवाद थमने का नाम ही नहीं ले रहा है । पाली क्रिकेट संघ के सचिव धर्मवीर सिंह शेखावत की अपील पर अपीलीय अधिकारी और खेल विभाग के शासन सचिव नीरज के पवन ने पूरी जांच प्रक्रिया पर रोक लगा दी है।

पाली जिला क्रिकेट संघ के खिलाफ पाली रजिस्ट्रार ऑफिस द्वारा शुरू की गई जांच को खेल विभाग ने रोक दिया है। मंगलवार को खेल सचिव ने आदेश जारी कर पाली जिला क्रिकेट संघ के खिलाफ करवाई को स्थगित कर दिया है। अब इस मामले पर अगली सुनवाई 14 जुलाई को होगी। इसे एड-हॉक कमेटी संयोजक जयदीप बिहानी का विरोध कर रहे धनंजय सिंह के गुट के लिए बड़ी राहत माना जा रहा है। वहीं खेल विभाग ने एंट्री कर अब इस पूरी कार्रवाई को फिलहाल रोक दिया है। जिसके बाद राजस्थान क्रिकेट एसोसिएशन का विवाद इस आदेश से आरसीए की एड-हॉक कमेटी में चल रहे विवादों को और परवाज़ लगने वाला हैं।

डॉ. नीरज के पवन ने बताया कि 24 अप्रेल के आदेश पर आगामी आदेशों तक रोक लगा दी है। मामले में अगली सुनवाई अब 14 जुलाई को होगी। शिकायत के आधार पर उप रजिस्ट्रार, पाली ने गत 24 अप्रेल को जो जांच के आदेश दिए थे, वो नियम विरूद्ध थे। नीरज पवन ने स्पष्ट तौर पर कहा कि 14 जुलाई को पाली क्रिकेट संघ के खिलाफ अगर दस्तावेजो में कोई भी अनियमितता पाई जाती है तो जांच पर लगी रोक हटाई भी जा सकती है।

### अपीलीय अधिकारी का ये रहा आदेश

उप रजिस्ट्रार, पाली द्वारा दिनांक 24.04.2025 को पारित किया गया आदेश राजस्थान खेल नियम, 2004 के नियम 8 की अनुपालना किये बिना ही जारी किया गया है। शिकायतकर्ता रमेश चौधरी जिला क्रिकेट संघ पाली से संबंधित किसी भी क्रिकेट संघ का शिकायत के समय 17 अप्रेल 25 को सदस्य नहीं था। इसलिए उसके पास खेल अधिनियम, 2005 के तहत् शिकायत करने या कार्यवाही शुरू करने की मॉग करने के लिए अपेक्षित अधिकार नही है। रमेश चौधरी द्वारा शिकायत में लगाये गये आरोप वर्ष 2011 से संबंधित है, जिन पर इतने समय बाद विचार किया जाना उचित नहीं है।

### एडहॉक कमेटी के कन्वीनर और चार सदस्यों के बीच विवाद की वजह यह रही

जयपुर, 27 मई। कुछ दिनों पहले डीसीए पाली के सचिव धर्मवीर सिंह को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस में वित्तीय अनियमितताओं और चुनाव प्रक्रिया में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए नोटिस दिया और जरूरी दस्तावेजों के साथ रिकॉर्ड मांगा गया था। इस पर धर्मवीर सिंह ने एक दिन पहले ही नोटिस का जवाब देते हुए बताया था। आरसीए कन्वीनर की ओर से डीसीए पाली से वर्ष 2005 से आय-व्यय का ब्योरा मांगा गया, जबकि पाली में डीसीए का रजिस्ट्रेशन ही वर्ष 2008 में हुआ। ऐसे में वर्ष 2005 से जो सूचना मांगी गई वह किस आधार पर दी जा सकती है? इसके साथ ही जिला क्रिकेट संघ पाली, जोधपुर और बीकानेर ने लिखित में राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद से शिकायत भी की थी। इसमें बताया कि समिति के कन्वीनर जयदीप बिहाणी पिछले 2 महीने से नोटिस देने का ही काम कर रहे हैं। बिहाणी ने मौजूदा क्रिकेट संचालन कमेटी को भंग कर सभी सिलेक्टर्स को कार्य मुक्त कर दिया था। बिहाणी के इस फैसले को लेकर कोई मीटिंग भी नहीं हुई थी, जिसके बाद एडहॉक कमेटी के दूसरे सदस्यों ने इसका विरोध किया था।



**कुछ** लोगों द्वारा बेवजह मेरे खिलाफ षडयंत्र रचे जा रहे हैं। पाली जिला क्रिकेट संघ के चुनाव की प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता के साथ नियमों के तहत ही की गई है। लेकिन बेवजह पाली को बदनाम करने के लिए कुछ लोग जो क्रिकेट से जुड़े हुए ही नहीं है। वह लोग भी शिकायत कर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। जिस पर फिलहाल सरकार द्वारा ही रोक लगा दी गई है। **- धर्मवीर सिंह**



किसी भी भ्रष्टाचार की जांच को रोका नहीं जा सकता। नीरज के. पवन को जांच पर रोक लगाने का अधिकार किसने दिया? मैं इस आदेश को बिल्कुल नहीं मानता। यह संविधान के खिलाफ है। **- जयदीप बिहाणी**

# एक्वाडक्ट से बीसलपुर व ईसरदा बाँध तक लिफ्ट से पानी लाया जा सकेगा: भजनलाल

## चंबल नदी पर एक्वाडक्ट निर्माण के लिये मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक ने स्वीकृति जारी की

जयपुर, 27 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार महत्वाकांक्षी संशोधित पार्वती-कालीसिंध-चम्बल लिंक परियोजना (राम जल सेतु लिंक परियोजना) को धरातल पर लागू करने के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य कर रही है। इसी क्रम में परियोजना के प्रथम चरण में चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट निर्माण के लिए राष्ट्रीय वन्यजीव बोर्ड (एनबीडब्ल्यूएल) की स्वीकृति के बाद, मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक ने अन्तिम स्वीकृति प्रदान कर दी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि इस एक्वाडक्ट के माध्यम से रामगढ़ (कूल नदी), महलपुर (पार्वती नदी) व नवनेरा (कालीसिंध नदी) बैराज का पानी चम्बल नदी को पार करके मेज बैराज में डाला जाएगा तथा बीसलपुर और ईसरदा बांध तक लिफ्ट के माध्यम से ले जाया जा सकेगा। 2280 मीटर लम्बाई के इस एक्वाडक्ट का एक छोर कोटा के पीपल्दासमेल गांव और दूसरा छोर बून्दी के गुहाटा गांव से जुड़ेगा। इससे कोटा की सुल्तानपुर तहसील के लोगों को बून्दी से गुजर रहे कोटा-सवाईमाधोपुर हाईवे से पक्की सड़क द्वारा एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा। साथ ही, परियोजना में नवनेरा बैराज से मेज एनिकट तक फीडर निर्माण की कार्यवाही को गति मिलेगी।

- **कुल 2280 मीटर लंबाई के इस एक्वाडक्ट का एक छोर कोटा के पीपल्दासमेल गाँव तथा दूसरा छोर बूंदी के गुहारा गाँव से जुड़ेगा।**
- **कोटा की सुल्तानपुर तहसील के लोगों को बूंदी से गुज़र रहे कोटा-सवाई माधोपुर हाईवे से पक्की सड़क का एक अतिरिक्त मार्ग उपलब्ध होगा।**



उल्लेखनीय है कि प्रदेश के 17 जिलों को पेयजल एवं सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने वाली इस परियोजना के प्रथम चरण के अंतर्गत, 9400 करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी कर योजना की क्रियान्विति शुरू कर दी गई है। इस चरण में पैकेज-2 के अन्तर्गत, चम्बल नदी पर एक्वाडक्ट का निर्माण किया जा रहा है।

## फिलिपीन्स में भूकंप के झटके

मनीला, 27 मई। फिलीपींस के क्यूज़ोन प्रांत में मंगलवार को मध्यम स्तर के भूकंप के झटके महसूस किये गये। फिलीपींस ज्वालामुखी एवं भूकंप विज्ञान संस्थान के मुताबिक स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:17 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.1 मापी गयी। भूकंप का केंद्र क्यूज़ोन प्रांत के जनरल नाकर से लगभग 24 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में छह किलोमीटर की गहराई में था। भूकंप के झटके फिलीपींस की राजधानी मनीला में भी महसूस किए गये।

- **रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.1 मानी गई। भूकंप का केन्द्र क्यूज़ोन प्रांत था।**

## प्रथम प्र.मंत्री ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

देश को निरंतर विविधता में एकता का संदेश देने वाले हमारे प्रेरणास्त्रोत, पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर विनम्र श्रद्धांजलि।

राहुल गांधी ने कहा भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू जी की पुण्यतिथि पर उन्हें सादर नमन। सशक्त और समावेशी भारत का सपना लिए नेहरू जी ने अपने दूरदर्शी नेतृत्व से स्वतंत्र भारत की मजबूत नींव रखी।

# 'रामसेतु को जल्दी ही राष्ट्रीय स्मारक घोषित किया जाए'

## डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले में केन्द्र सरकार को निर्देश देने का आग्रह किया

-जाल खंबाता-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 27 मई। राज्य सभा के पूर्व सदस्य एवं भाजपा नेता डॉ. सुब्रमण्यम स्वामी ने सर्वोच्च न्यायालय में एक याचिका दायर कर केन्द्र सरकार को यह निर्देश देने की माँग की है कि रामसेतु को राष्ट्रीय महत्व का प्राचीन स्मारक घोषित करने तथा उसे राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की मांग संबंधी उनके पत्र पर शीघ्र विचार किया जाए।

अपनी इस ताजातरीन याचिका में डॉ. स्वामी ने निवेदन किया है कि जनवरी 2023 में सर्वोच्च न्यायालय ने उन्हें (डॉ. स्वामी) को निर्देश दिये थे कि सम्बंधित प्रार्थना पत्र समुचित अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया जाये। ऐसे निर्देशों के बावजूद, केन्द्र सरकार को भेजे गये उनके प्रार्थना पत्र पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

स्वामी ने कहा है कि रामसेतु, जिसे "एडम'स ब्रिज" के नाम से भी जाना जाता है, "एनशिएंट मॉन्यूमेन्ट्स एण्ड आर्किओलॉजिकल साइट्स एण्ड रिमेन्स एक्ट, 1958 की, तथा खासतौर से उसकी धारा 3 एवं 4 की सभी आवश्यक शर्तें पूरी करता है। यह अधिनियम ऐतिहासिक, कलात्मक या पुरातात्विक महत्व की प्राचीन संरचनाओं को राष्ट्रीय महत्व के स्मारक घोषित करने के लिये सरकार को अधिकार देता है।

- **स्वामी ने जनवरी 2023 में सुप्रीम कोर्ट में इस बारे में याचिका दायर की थी, तब उन्हें कोर्ट ने सरकार से आग्रह करने का निर्देश दिया था। इसके बाद स्वामी ने सरकार को पत्र लिखा, पर जब उस पर कोई कार्यवाही नहीं हुई तो उन्होंने फिर से सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया।**

स्वामी अपनी याचिका में कहते हैं, "यह पुरातात्विक संरचना उन लोगों के लिये आस्था एवं श्रद्धा का विषय है, जो रामसेतु को एक तीर्थ स्थान मानते हैं।"

उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र सरकार की यह जिम्मेदारी है कि वह इस स्थल को प्रदूषण, अपवित्रता या दुरुपयोग से बचाए और संरक्षित करे।

डॉ. स्वामी ने भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को निर्देश देने की भी मांग की है कि वे इस संरचना की प्राचीनता और महत्ता की पुष्टि के लिए एक व्यापक सर्वेक्षण और वैज्ञानिक अध्ययन कराएं।

केन्द्र सरकार ने इससे पहले सुप्रीम कोर्ट को सूचित किया था कि राम सेतु को राष्ट्रीय धरोहर स्मारक घोषित करने की प्रक्रिया "संस्कृति मंत्रालय में प्रगति पर है।" यह जवाब स्वामी की इसी प्रकार की मदद चाहने वाली पिछली याचिका के जवाब में दिया गया था, जिस पर शीर्ष अदालत ने उन्हें औपचारिक अभ्यावेदन देने की सलाह दी थी।

वर्तमान याचिका में स्वामी ने केन्द्र सरकार की निष्क्रियता पर निराशा व्यक्त की है और कहा है कि यह मुद्दा पिछले आठ वर्षों से लंबित है, और 2017 में केन्द्रीय मंत्री द्वारा प्रारंभिक बैठकें किए जाने के बावजूद, इस मामले में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है।

स्वामी ने यह भी कहा कि उन्होंने पहले चरण की कानूनी लड़ाई जीत ली थी, जिसमें केन्द्र सरकार ने राम सेतु के अस्तित्व को औपचारिक रुप से स्वीकार किया था। लेकिन इस स्वीकारोक्ति के बावजूद, अब तक इसे राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

राम सेतु चूना पत्थर की एक श्रृंखला है, जो तमिलनाडु के दक्षिण - पूर्वी तट पर स्थित पंबन द्वीप (रामेश्वरम) को श्रीलंका के उत्तर पश्चिमी तट पर स्थित मन्नार द्वीप से जोड़ता है। यह संरचना धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है, विशेषकर हिंदू समुदाय के लिए, जो मानते हैं कि इसका निर्माण भगवान राम की वानर सेना द्वारा किया गया था, जैसा कि रामायण में वर्णित है।

# 1995 के वक्फ एक्ट को चुनौती, सुप्रीम कोर्ट ने केन्द्र व राज्य सरकारों को नोटिस दिया

## हालांकि, सीजेआई गवई की बैंच ने पूछा कि इतने सालों बाद इस एक्ट को चुनौती क्यों दी जा रही है

नयी दिल्ली, 27 मई। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को वक्फ अधिनियम, 1995 को चुनौती देने वाली याचिका पर केंद्र और राज्य सरकारोंको नोटिस जारी किया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति एजी मसीह की पीठ ने दिल्ली के रहने वाले निखिल उपाध्याय की याचिका पर नोटिस जारी किया है। इसे वकील हरि शंकर जैन और एक अन्य व्यक्ति की समान याचिका के साथ संलग्न किया गया।

वक्फ अधिनियम में हाल ही में किए गए संशोधनों को चुनौती देने वाली रिट याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और न्यायमूर्ति मसीह की पीठ ने पहले पूछा था कि 1995 के अधिनियम को इतने सालों के बाद अब चुनौती क्यों दी जा रही है। याचिकाकर्ता हरि शंकर जैन की ओर से उपस्थित वकील विष्णु शंकर जैन ने यह समझाने का प्रयास किया कि याचिकाकर्ताओं ने 1995 के अधिनियम को बहुत पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी। उन्हें हाई कोर्ट जाने के लिए कहा गया था, परन्तु पीठ इससे सहमत नहीं हुई।

- **याचिकाकर्ता के वकील ने बताया कि इस एक्ट को बहुत पहले ही सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दे दी थी, पर, तब उन्हें हाई कोर्ट जाने के लिए कहा गया था। सुप्रीम कोर्ट इस दलील से सहमत नज़र नहीं आया।**

मंगलवार को भी सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने वकील अश्विनी उपाध्याय से पूछा कि उन्हें 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर अब क्यों विचार करना चाहिए। इस पर वकील उपाध्याय ने बताया कि पूर्व सीजेआई संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और के वी विश्वनाथन की पीठ ने पूर्व सीजेआई खन्ना के सेवानिवृत्त होने के बाद सीजेआई गवई की अगुवाई वाली पीठ के कार्यभार संभालने से पहले वक्फ (संशोधन) 2025 मामलों की सुनवाई की थी। पहले ही 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाले मामलों की अलग से सुनवाई करने पर सहमत हो गई थी और 2025 के संशोधनों को चुनौती देने वालों को इस पर अपना जवाब दाखिल करने की अनुमति दी थी।

केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने मंगलवार को कहा कि कोर्ट ने 2025 के संशोधन को चुनौती देने वाली याचिकाओं के साथ 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई की अनुमति नहीं दी है। हालांकि, भाटी ने कहा कि अगर उपाध्याय की याचिका को जैन द्वारा 1995 के अधिनियम को चुनौती देने वाली दूसरी याचिका के साथ जोड़ दिया जाता है तो कोई आपत्ति नहीं है।

## 'आतंकवाद पाकिस्तान की युद्ध नीति है उसका जवाब युद्ध से ही दिया जाएगा'

गांधीनगर, 27 मई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि पाकिस्तान भारत के खिलाफ आतंकवाद के जरिए कोई परोक्ष युद्ध (प्रॉक्सी वार) नहीं कर रहा है, बल्कि यह उसकी युद्ध की सोची-समझी रणनीति है और इसका जवाब युद्ध की ही तरह दिया जाएगा।

मोदी ने भारत के खिलाफ सीमापार से प्रायोजित आतंकवाद की तुलना चुभते कांटे से करते हुए कहा, शरीर कितना ही स्वस्थ क्यों न हो, लेकिन अगर एक कांटा चुभता है, तो पूरा शरीर परेशान रहता है। अब हमने तय कर लिया है, उस कांटे को निकाल के रहेंगे।

- **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के गांधी नगर में पाकिस्तान को सीधी चेतावनी दी।**

उन्होंने गांधीनगर में एक कार्यक्रम में कहा कि भारत पड़ोसियों के साथ सुख-शांति से रहना चाहता है, लेकिन अगर हमारे सामर्थ्य को ललकारा जायेगा, तो उसका पूरे साहस से जवाब दिया जाएगा।

# 'तेज प्रताप के निष्कासन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

महत्वपूर्ण बात यह है कि तेज प्रताप की पूर्व पत्नी ऐश्वर्या राय ने एक प्रेस कांफ्रेंस में आरोप लगाया कि यह "निष्कासन नाटक" चुनावों को ध्यान में रखते हुए लालू प्रसाद और उनके परिवार द्वारा रचा गया है। उन्होंने यह भी दोहराया कि शादी के दौरान उन्हें मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया गया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 29 मई को पटना में जयप्रकाश नारायण अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नए टर्मिनल भवन का उद्घाटन कर अपनी यात्रा शुरू करेंगे। उनके लिए राजद परिवार में मचे घमासान को "वंशवादी राजनीति" पर हमला बोलने के लिए एक अनुकूल अवसर के रूप में देखा जा रहा है। इसी दिन प्रधानमंत्री पटना एयरपोर्ट से लेकर बीजेपी के प्रदेश मुख्यालय (बीर चंद पटेल पथ) तक रोड शो भी करेंगे। अगले दिन वे रोहतास जिले के बिक्रमगंज में एक जनसभा को संबोधित करेंगे, जहाँ वे करोड़ों रुपये की विकास परियोजनाओं की घोषणा करेंगे, जिनमें रेलवे परियोजनाएँ भी शामिल हैं।

- **दूसरी ओर मोदी चुनाव अभियान का डंका बजाने के लिए 29 मई को पटना जा रहे हैं, जहाँ वे जे.पी. इंटरनैशनल एयरपोर्ट के नए टर्मिनल का उद्घाटन करेंगे तथा उसके बाद पटना एयरपोर्ट से भाजपा मुख्यालय तक रोड शो में भाग लेंगे तथा अगले दिन रोहतास जिले के विक्रमगंज में आयोजित एक रैली में भाग लेंगे।**

जबकि लालू प्रसाद और उनके परिवार के सदस्य भ्रष्टाचार के मामलों में जांच के घेरे में हैं, ऐसे में तेज प्रताप से जुड़ा यह विवाद पार्टी के लिए और मुश्किलें खड़ी कर सकता है। दूसरी ओर, भाजपा ने इस बार विधानसभा की कुल 243 सीटों में से 225 सीटें जीतने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य तय किया है।






## कोलाबा जैटी परियोजना पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इनकार

नयी दिल्ली, 27 मई। उच्चतम न्यायालय ने मुंबई के कोलाबा इलाके में गेटवे ऑफ इंडिया के पास यात्री जेटी परियोजना पर निर्माण कार्य जारी रखने की अनुमति देने वाले बॉम्बे उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से मंगलवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने स्थानीय निवासियों की ओर से दायर विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई करते हुए बुनियादी ढांचे के विकास के विरोध पर सवाल उठाया।

पीठ ने टिप्पणी की ? हर कोई सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट चाहता है, लेकिन अपने घर के पीछे नहीं।

# हरीश चौधरी ने गहलोत की भारी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

हरीश चौधरी ने यह भी कहा कि समूचे जोधपुर डिवीजन में ऐसे लोगों की वजह से पार्टी दयनीय स्थिति में पहुंच गई है। आप उनके साथ बैठ सकते हैं, मैं नहीं।"

मेवाराम जैन, जिन्हें सीडी कांड सामने आने के बाद निलंबित किया गया था, और अमीन खान, जिन्होंने गहलोत के इशारे पर कांग्रेस के अधिकृत उम्मीदवार के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ा था, दोनों गहलोत के वफादार माने जाते हैं और दोनों को पार्टी से बाहर कर दिया गया था।

खबर है कि गहलोत ने उन्हें बाड़मेर बुलाया था, क्योंकि वहाँ जय हिंद रैली के लिए राजस्थान का पूरा शीर्ष नेतृत्व मौजूद था।

गहलोत ने सुरजेवाला से इनसे मिलने का आग्रह किया, लेकिन सुरजेवाला ने यह कहकर मना कर दिया कि उन्होंने इन्हें बुलाया ही नहीं है।

जब इन दोनों को कोई तवज्जो नहीं मिली, तो गुस्साए अमीन खान ने कहा, "यह कांग्रेस पार्टी का अंत है।"

पीसीसी अध्यक्ष डोटासरा ने नाराजगी जताते हुए कहा - "नेताओं के स्वागत करने का यह तरीका नहीं है। हमें पता है, आप क्या करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन इस तरह का दबाव नहीं चलेगा।"

हेमाराम चौधरी ने कहा - "कांग्रेस जवाहरलाल नेहरू और इंदिरा गांधी के बाद भी बची रही और ऐसे नेताओं के जाने के बाद भी बची रहेगी।" उन्होंने इन दोनों नेताओं (और जाहिर है कि गहलोत के लिए भी) के लिए तीखी भाषा का प्रयोग किया।

वरिष्ठ नेताओं के बीच यह टकराव साफ दिखाता है कि सत्ता से बाहर होने के बाद गहलोत की पार्टी में पकड़ तेजी से कमज़ोर हो रही है।

उनकी राजनीति अब सबके सामने आ गई है, जो पार्टी को नुकसान पहुंचा कर खुद को बनाए रखने की कोशिश करती है।

राजस्थान कांग्रेस में परिवर्तन की बयार चल रही है, और आने वाले दिन अशोक गहलोत के लिए कठिन साबित हो सकते हैं।

# गंभीर राजनीतिक परिवर्तन की ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अगर यह नियुक्ति होती है तो इसके गंभीर परिणाम होंगे, क्योंकि अगला राज्य विधानसभा चुनाव दूर नहीं है और एक सख्त न्यायाधीश के राज्यपाल बनने से तृणमूल कांग्रेस के उस खेल को प्रभावित किया जा सकता है, जो वह सत्ता में बने रहने के लिये खेलती आ रही है।

राज्य की मुख्यमंत्री लंबे समय से भारी दबाव में हैं, कई वरिष्ठ मंत्री वित्तीय अनियमितताओं के कारण जेल में हैं। पार्थ चटर्जी, जो ममता बनर्जी के करीबी सहयोगी थे, कई वर्षों से जेल में हैं। उनके एक और सहयोगी, मॉंडल, जेल में है तथा उनकी अकड़ अब खत्म हो गई है। कई अन्य नेता भी जेल में हैं

- **अतः, इस महिला गवर्नर से ममता बनर्जी का युद्ध पहले ही दिन से शुरु हो जायेगा और यह ममता जी के लिए एक दुखदायी अध्याय की शुरुआत होगी।**

सबसे बुरी बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट ने राज्य में हजारों स्कूल शिक्षकों की नियुक्ति रद्द कर दी है, जिससे राज्य प्रशासन की साख खत्म हो गई है। कोर्ट की कार्यवाही और सीबीआई की जांच में तृणमूल कांग्रेस नेताओं और नियुक्तियों में घूसखोरी का तथा सत्ता के दुरुपयोग का खुलासा हुआ है।

स्कूल शिक्षकों की नियुक्तियां अदालत के आदेशों के तहत रद्द हो चुकी हैं और तभी से ये शिक्षक लगातार सड़कों पर प्रदर्शन कर रहे हैं। इस बीच, राज्य पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे शिक्षकों पर लाठी चार्ज किया, जिसे सम्पूर्ण जनता ने घोर निंदनीय बताया।

एक अन्य गंभीर मामला एक सरकारी अस्पताल में एक जूनियर डॉक्टर की हत्या का है, जिसमें राज्य प्रशासन, राज्य पुलिस और स्वास्थ्य विभाग, जो दोनों विभाग ममता बनर्जी के अधीन है, क्योंकि वे स्वयं राज्य की गृह और स्वास्थ्य मंत्री हैं, की भूमिका पर सवाल उठे हैं। ऐसे में, छवि निर्माण और राजनीतिक मधुर भाषा के प्रयोग के प्रयासों के बावजूद, ममता बनर्जी की छवि धूमिल हुई है और उनकी स्थिति में कोई और होता तो लंबे समय पहले हार मान चुका होता। केवल उनकी दृढ़ता और राजनीतिक कुशलता के साथ ही, तृणमूल नेताओं द्वारा पैसे कमाने की व्यवस्था ने उन्हें जीवित रखा है। इसके अलावा, उन्होंने सावधानीपूर्वक और निरंतर राज्य के मुस्लिम वोटरों के साथ अपना संबंध बनाए रखा है, जिसे वे सत्ता में बने रहने के लिए महत्वपूर्ण मानती हैं।

लेकिन, एक साहसी महिला प्रतिद्वंद्वी उनके सामने अगले चुनाव से पहले चुनौती बन सकती है। फिलहाल इस बारे में गुपचुप चर्चा हो रही है।

## जस्टिस संजीव ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जज पद पर जस्टिस संजीव प्रकाश शर्मा की वकील कोटे से 16 नवंबर 2016 को नियुक्ति हुई थी।

इस दौरान एक जनवरी 2022 को उनका ट्रांसफर पटना हाईकोर्ट कर दिया गया था।

वहीं, झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस रहे श्रीचन्द्रशेखर का ट्रांसफर राजस्थान हाईकोर्ट में 5 जुलाई 2024 को हुआ था। इसके अलावा, जस्टिस अरुण कुमार मोंगा का ट्रांसफर भी राजस्थान हाईकोर्ट में एक नवंबर 2023 को हुआ था।

## 'आतंकवाद ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

और मजबूत करने के प्रयास जारी रखेंगे।

प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र और एफएटीएफ जैसे बहुपक्षीय मंचों पर सिंगापुर के समर्थन का अनुरोध किया। करीबी दोस्तों और भागीदारों के रूप में भारत और सिंगापुर आतंकवाद के मुद्दे सहित क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

राष्ट्रदूत (एचयूएफ) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, जी-1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौन सिटी, जिला करौली से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2008/27147 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513, कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033, बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371, उदयपुर कार्यालय: आयड मैन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, फैक्स : 0294-2410146, अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन226422,226423, फैक्स: 02973-226424 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908